वर्ष 24, अंक 227, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 26 फरवरी 2026

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

इजरायल पहुंचे पीएम मोदी, नेतन्याहू के बयान से इस्लामी देशों में खौफ, पाकिस्तान को क्यों सता रहा डर?

भारत- इजरायल दोस्ती का नया अध्याय

इजरायल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर बुधवार (25 फरवरी 2026) को इजरायल पहुंचे. पीएम मोदी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिकी धमकियों के बीच मिडिल ईस्ट में एक और जंग की संभावना गहरा गई है. ऐसे में पूरी दुनिया खासकर अरब देश इस दौरे के दौरान होने वाली डील पर नजर बनाए हुए हैं. इजरायल पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने कहा, 'मैं द्विपक्षीय चचाओं और भारत-इजरायल मित्रता को मजबूत करने वाले सार्थक परिणामों की आशा करता हूं.'

पीएम मोदी के दौरे से क्यों डरा है पाकिस्तान?

गाजा में इजरायल के एक्शन से फिलहाल इस्लामिक देशों में नाराजगी है. दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ रोज सैन्य कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं. ऐसे में मिडिल ईस्ट दोहरा संघर्ष छिड़ सकता है. पीएम मोदी के इस दौरे पर पाकिस्तानी मीडिया खुद के लिए खतरे की घंटी बता रहा है. पाकिस्तानी अखबर डॉन ने लिखा, 'भारत-इजरायल के बीच कूटनीतिक संबंध 1992 में बहाल हुए. पीएम मोदी के सत्ता में आने के बाद दोनों देश एक-दूसरे के और ज्यादा करीब आए.'

डॉन ने लिखा कि पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इजरायल ने अपनी ड्रोन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ डिफेंस स्ट्रैटजी के रूप में किया था. पाकिस्तानी टीवी चैनल जियो न्यूज ने पीएम मोदी के इजरायल दौरे को लेकर एक शो किया, जिसका टाइटल था, 'पीएम मोदी का इजरायल दौरा पाकिस्तान के लिए खतरे की घंटी.' नेतन्याहू ने पीएम मोदी के दौरे से पहले हेक्सागन एलायंस का जिक्र किया था, जिसे लेकर पाकिस्तानी मीडिया चिंता जताई जा रही है.

नेतन्याहू के बयान से इस्लामी देशो में खौफ

नेतन्याहू ने कट्टर शिया और सुन्नी एक्सिस को खतरा बताया. उन्होंने भारत, ग्रीस, साइप्रस और कुछ अरब, एशियाई और अफ्रीकी देशों के साथ एक ग्रुप बनाने की बात कही. पाकिसतान की संसद ने मंगलवार (24 फरवरी 2026) को नेतन्याहू के इस बयान के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया था.

मिडिल ईस्ट मॉनिटर ने लिखा, 'भारत ने 2018 से इजरायल के साथ अपने रिश्तों को फिलीस्तीन से अलग करके देखने लगा है. भारत भले ही फिलीस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में समर्थन करता है, लेकिन साथ ही साथ इजरायल के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा भी कर रहा है. भारत ने गाजा में मानवीय सहायता और सीजफायर की अपील तो की, लेकिन तत्काल युद्धविराम की मांग वाली यूएन के प्रस्तावों से दूरी बना ली.'

इस्लामिक देशों की मीडिया का रिएक्शन

अल जजीरा ने लिखा, '2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भारत-इजरायल के संबंधों में बदलाव आया है. भारत एशिया में चीन के बाद इजरायल का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है. नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत इजरायल का सबसे बड़ा हथियार बन गया है. दोनों ही देश इस्लामी आतंकवाद को बड़ा खतरा मानते हैं. वेस्ट बैंक में इजरायल की कार्रवाइयों की आलोचना करने वाले प्रस्ताव का भारत ने समर्थन तो किया, लेकिन शुरूआत में झिझक भी दिखाई थी.'

पीएम मोदी इससे पहले जुलाई 2017 में इजरायल दौरे पर पहुंचे थे. पीएम मोदी के तय शेड्यूल के अनुसार वो केनेसेट (इजरायली संसद) को भी संबोधित करेंगे. ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे. वे भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का भी हिस्सा बनेंगे.

वहीं, एक अन्य पोस्ट में मोदी ने लिखा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ मेरी बहुत अच्छी मुलाकात हुई। मैंने आज सुबह उनके गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। नौ साल बाद इजराइल लौटना बेहद खुशी की बात है। हमने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से कई विषयों पर चर्चा की। प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन, कृषि, प्रतिभा साझेदारी जैसे क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। हमने क्षेत्र में हो रहे महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर भी चर्चा की।

वहीं, बेंजामिन नेतन्याहू ने लिखा कि आज मेरी पत्नी सारा और मैंने अपने प्रिय मित्र, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया, जो इजराइल की एक और ऐतिहासिक यात्रा पर आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले 2017 में इजराइल का दौरा किया था, और बाद में मैंने भी भारत की एक असाधारण यात्रा की थी। हमारा व्यक्तिगत संबंध बहुत घनिष्ठ है, हम अक्सर बातचीत करते हैं, और मेरा मानना ??है कि हमारे बीच की गहरी मित्रता हमारे दोनों देशों के संबंधों को सशक्त रूप से दशार्ती है।

उन्होंने कहा कि हम नेसेट में आयोजित एक भव्य स्वागत समारोह में शामिल होंगे, यरुशलम में एक नवाचार कार्यक्रम में भाग लेंगे, और प्रधानमंत्री मोदी के साथ संयुक्त रात्रिभोज का आयोजन करेंगे।

महंगाई भत्ते में 3 फीसदी का इजाफा, त्यौहारों से पहले सरकार ने दिया तोहफा

महाराष्ट्र

महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा और होली से पहले राज्य के कर्मचारियों और अन्य पात्र कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 फीसदी का इजाफा किया गया है. महंगाई भत्ता जुलाई 2025 से जोड़कर मिलेगा. महाराष्ट्र के वित्त राज्यमंत्री आशीष जायसवाल ने इसकी जानकारी दी. गुड़ी पड़वा का त्यौहार 19 मार्च को है. महाराष्ट्र में इसे धूमधाम से मनाया जाता है. वहीं होली देशभर में 4 मार्च को मनाया जाएगा. वहीं मार्च महीने ही ईद का त्यौहार भी है.

इसी महीने से नकद में होगा भुगतान

बुधवार को राज्य मंत्री आशीष जायसवाल ने बताया कि इसका भुगतान फरवरी महीने से नकद में किया जाएगा. जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 तक की अवधि का बकाया मार्च 2026 में गुड़ी पड़वा के अवसर पर वितरित किया जाएगा, जबकि नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक की अवधि के बकाया के संबंध में आदेश अलग से जारी किए जाएंगे. राज्य सरकार के इस फैसले का लाभ 5.16 लाख कर्मचारियों और 8.72 लाख पेंशनर्स को होगा.

पिछले साल 12 फीसदी का हुआ था इजाफा

पिछले साल भी फरवरी में महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा किया था. तब एकनाथ शिंदे राज्य की कमान संभाल रहे थे. तब कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 12 फीसदी का इजाफा किया गया था.

इस साल 9.1 फीसदी औसत वेतन वृद्धि का अनुमान- सर्वेक्षण

देश में इस साल विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों को औसतन 9.1 फीसदी वेतन वृद्धि मिलने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की 8.9 फीसदी वेतन वृद्धि से थोड़ा अधिक है. मंगलवार को एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया. वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एओएन ने अपने ह्यवार्षिक वेतन वृद्धि एवं कारोबार सर्वेक्षण 2025-26ह्ल का हवाला देते हुए कहा कि इस साल 9.1 फीसदी की अनुमानित वेतन वृद्धि वर्ष 2025 में दर्ज 8.9 फीसदी की वास्तविक वृद्धि से थोड़ी अधिक है. एओएन के सर्वेक्षण का 32वां संस्करण देश के 45 उद्योग क्षेत्रों में सक्रिय 1,400 से अधिक संगठनों के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है।

महिलाओं से बदसलूकी पर भड़कीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली के मालवीय नगर में पूर्वोत्तर की महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार की हालिया खबरों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना सोशल मीडिया पर विभिन्न इन्फ्लुएंसर्स द्वारा साझा किए गए टैग और वीडियो के माध्यम से उनके संज्ञान में आई। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में पूर्वोत्तर की हमारी बहनों के साथ दुर्व्यवहार की घटना मेरे संज्ञान में आई है। कुछ इन्फ्लुएंसर्स ने मुझे

अपने वीडियो में टैग भी किया है। रेखा गुप्ता ने आगे कहा कि मैं जल्द ही उन बहनों से मिलूंगी। लेकिन मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि दिल्ली, जो देश की राजधानी है, में पूर्वोत्तर के हमारे भाइयों और बहनों को उतना ही अधिकार है जितना किसी अन्य राज्य के लोगों को। सीमावर्ती राज्यों के लोग दिल्ली आते हैं और जीविका कमाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, जिससे शहर की प्रगति में योगदान होता है। उनके खिलाफ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गुप्ता ने आगे कहा कि वह दिल्ली में रहने वाले पूर्वोत्तर समुदाय के साथ व्यापक स्तर पर जुड़कर व्यवस्थागत मुद्दों का समाधान करने और संभावित नीतिगत हस्तक्षेपों के माध्यम से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का इरादा रखती हैं। उन्होंने कहा कि मैं न केवल उन बहनों से मिलूंगी, बल्कि पूर्वोत्तर के अन्य निवासियों से भी मिलूंगी ताकि उनकी समस्याओं को सुन सकूं ।

अखिलेश यादव ने भाजपा की सुरक्षा को बताया 'पूरी विफलता'

यूपी

हाल ही में संपन्न हुए एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान आईवाईसी के 'शर्टलेस' विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और कांग्रेस के इंडिया ब्लॉक के सहयोगी अखिलेश यादव ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित शिखर सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कथित सुरक्षा विफलता की कड़ी आलोचना की। यादव ने कहा कि भाजपा ने देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पहलों के लिए कोई बुनियादी ढांचा तैयार नहीं किया है। संवाददाताओं से बात करते हुए यादव ने कहा कि सबसे पहले तो, भाजपा सरकार के शासन में हमेशा सुरक्षा में चूक होती रही है, और एआई शिखर सम्मेलन पर पहले दिन से ही सवाल उठाए गए थे। यह पूरी तरह से भाजपा की सुरक्षा विफलता है। आपने एआई के लिए कोई बुनियादी ढांचा या बुनियादी संरचना तैयार नहीं की है। जब आप ऐसी चीजें दिखाते हैं जो भारतीय नहीं हैं, तो स्वाभाविक रूप से लोग नाराज होंगे। विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा, "यह एक लोकतांत्रिक देश है ।

भारत मंडपम में म्युनिसिपालिका-2026 सम्मेलन

MCD की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की नई पहल

नई दिल्ली

दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन म्युनिसिपालिका-2026 में दिल्ली नगर निगम (टउऊ) ने अपनी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता से जुड़ी कई अहम पहलों को प्रदर्शित किया. यह सम्मेलन भारत मंडपम में आयोजित हो रहा है, जहां देश-विदेश से नगर प्रशासन से जुड़े विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल हुए हैं. सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया. उद्घाटन के बाद मंत्री ने एमसीडी के स्टॉल का दौरा किया और राजधानी को स्वच्छ, स्मार्ट और सतत बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की. उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे बड़े शहर में वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निपटान और लैंडफिल कम करना बड़ी चुनौती है, लेकिन एमसीडी इस दिशा में ठोस काम कर रहा है.

MCD ने बताया कैसे होगा कचरा प्रबंधन

एमसीडी के पवेलियन में दिखाया गया कि कैसे कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर उसका निस्तारण किया जा रहा है. गीले और सूखे कचरे को अलग करना, घर-घर से कचरा संग्रहण, पुराने लैंडफिल स्थलों पर कूड़े के पहाड़ कम करना और आधुनिक मशीनों का उपयोग, इन सबको विस्तार से समझाया गया.

इसके साथ ही निगम ने अपनी डिजिटल सेवाओं को भी प्रदर्शित किया, जिससे लोग घर बैठे ऑनलाइन सेवाओं का लाभ ले सकें.

स्वच्छ भारत मिशन पर जोर

दिल्ली में कचरे की समस्या लंबे समय से बड़ी चुनौती रही है।

'रमजान में साथ दिखे लड़का-लड़की तो निकाह करा देंगे'

नई दिल्ली

दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने मंगलवार, 24 फरवरी को एक नोटिफिकेशन जारी कर सोशल मीडिया पर वायरल उस पोस्ट का खंडन किया है, जिसमें लड़के-लड़कियों के निकाह की बात कही गई थी. यूनिवर्सिटी का दावा है कि वह वायरल पोस्ट पूरी तरह से 'फर्जी' है और यूनिवर्सिटी का उसमें कोई हाथ नहीं.

दरअसल, जामिया की ओर से एक पोस्ट वायरल कर दावा किया गया था कि रमजान के पाक महीने में जो भी लड़के-लड़की साथ देखे गए, विश्वविद्यालय उनके 'निकाह' की व्यवस्था करेगा.

20 फरवरी को जारी हुआ था फर्जी नोटिफिकेशन

जामिया मिलिया इस्लामिया ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा है कि 20 फरवरी की कथित सूचना 'पूरी तरह से फर्जी' है और विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है.

आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रशासन ने छात्रों और कर्मचारियों से संदेश को गंभीरता से न लेने का आग्रह किया है, क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि इसका उद्देश्य संस्थान की छवि को धूमिल करना है. विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि फर्जी नोटिस के प्रसार के संबंध में दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है.

बुरी तरह से फैल गया था फर्जी नोटिस

यह पोस्ट किसने वायरल किया है, इसकी जानकारी तो अब तक सामने नहीं आ सकी है लेकिन कुछ ही समय में पोस्ट व्हॉट्सएप और एक्स पर आग की तरह फैल गया. कुछ स्टूडेंट्स और सोशल मीडिया यूजर्स ने तो इसे असली भी मान लिया था और यूनिवर्सिटी की आलोचना शुरू कर दी थी।

आईटीओ में पहला ग्रीन वेस्ट प्लांट शुरू, कचरे से बनेगी खाद और बायो-फ्यूल

नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली को प्रदूषण और कचरे की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है. दिल्ली में आईटीओ के पास पहला 'ग्रीन वेस्ट प्लांट' शुरू कर दिया गया है. इस प्लांट में पेड़-पौधों की सूखी टहनियों, पत्तियों और बागवानी से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जाएगा. सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल दिल्ली की सफाई व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि वायु प्रदूषण को कम करने में भी काफी मदद मिलेगी.

दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा ने इस प्लांट की शुरूआत करते हुए कहा कि सरकार दिल्लीवासियों से किए गए 'विकसित दिल्ली' के वादे को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रही है. उन्होंने बताया कि आईटीओ के पास शुरू हुआ यह प्लांट इसी दिशा में एक अहम कदम है. इसके साथ ही, ढहऊद्वारा तैयार किए गए कुल 6 ग्रीन वेस्ट प्लांट अब बनकर पूरी तरह तैयार हो चुके हैं.

कचरा नहीं, अब बनेगा 'संसाधन'

मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि अब तक पेड़ों और बागवानी से निकलने वाला कचरा या तो खुले में पड़ा रहता था या कई जगहों पर उसे जला दिया जाता था, जिससे धुआं और प्रदूषण बढ़ता था. विशेषकर सर्दियों के मौसम में यह कचरा जलने से हवा और ज्यादा खराब हो जाती थी. लेकिन अब इस नए ग्रीन वेस्ट प्लांट में मशीनों के जरिए इस कचरे को प्रोसेस करके खाद, बायो-फ्यूल और अन्य उपयोगी चीजों में बदला जाएगा. इससे कचरा एक समस्या की बजाय संसाधन बन जाएगा।

शंकराचार्य मामले में आशुतोष ब्रह्मचारी का नया खुलासा

कहा- बाढ़ग्रस्त राज्यों से लाए जाते थे बटुक

यूपी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने नया खुलासा करते हुए कहा कि नाबालिग बटुकों के यौन शोषण में मठ का कामकाज देखने वाला सीईओ प्रकाश उपाध्याय भी शामिल है. आशुतोष ब्रह्मचारी ने आरोप लगाया है कि प्रकाश उपाध्याय ही बाढ़ग्रस्त राज्यों से बटुकों को लाता था, गुरु सेवा के नाम पर मुकुंदानंद के साथ मिलकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पास भेजता था.

इसके पहले एक नाम अरविंद के भी इसमें लिप्त होने का खुलासा किया था, आशुतोष ने कहा था कि अरविंद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का गुरु भाई है. आशुतोष महाराज ने यह भी आरोप लगाया है कि सपा और कांग्रेस के कुछ बड़े नेता भी इसमें शामिल हैं लेकिन उन्होंने किसी नेता के नाम का खुलासा नहीं किया है. उन्होंने कहा है कि समय आने पर नेताओं के नाम का भी खुलासा किया जाएगा. आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा कि दोनों नाबालिग बटुकों का आज पॉक्सो कोर्ट में बीएनएस की धारा 183 के तहत बयान दर्ज हुआ है.

मेडिकल में भी यौन उत्पीड़न की पुष्टि- आशुतोष ब्रह्मचारी

आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा है कि दोनों बटुकों का मेडिकल भी हो गया है, उन्होंने आरोप लगाया है कि मेडिकल में भी यौन उत्पीड़न की पुष्टि हो गई है. उन्होंने कहा कि दो नाबालिग बटुक ही नहीं बल्कि करीब 20 पीड़ित उनके संपर्क में है. उन्होंने

आरोप लगाया है कि नाबालिग बच्चों का यौन शोषण माघ मेला से लेकर वाराणसी मठ, बद्रीनाथ धाम और नरसिंह आश्रम जबलपुर में भी होता था.

अविमुक्तेश्वरानंद को जेल जाने से कोई नहीं बचा सकता- आशुतोष ब्रह्मचारी

आशुतोष ब्रह्मचारी ने दावा किया है कि जिस तरह की सबूत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ हैं, उन्हें जेल जाने से अब कोई नहीं बचा सकता है. आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा है कि जल्द ही षड्यंत्र में शामिल एक और नाम का खुलासा करेंगे.

शंकराचार्य के खिलाफ यौन शोषण के मामले में दर्ज हुई है FIR

बता दें कि आशुतोष ब्रह्मचारी की अर्जी पर पोक्सो कोर्ट ने झूंसी थाना पुलिस को यौन शोषण के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था. पोक्सो एक्ट के तहत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद उनके शिष्य मुकुंदानंद गिरी और तीन अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

पारिवारिक कलह और पत्नी के वियोग में युवक ने लगाई फांसी, चार बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

अखंड भारत संदेश

लालापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जगदीशपुर में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घरेलू विवाद और पत्नी के ससुराल से वापस न आने के चलते 32 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची लालापुर पुलिस ने परिजनों की आपसी सहमति के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगदीशपुर निवासी ज्ञान चंद्र निषाद (32 वर्ष), पुत्र गुलाब चंद्र निषाद का अपनी पत्नी उमा देवी से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।

सूत्रों के मुताबिक, ज्ञान चंद्र अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था, लेकिन उमा देवी के साथ वापस न आने से वह काफी क्षुब्ध था। रात्रि उसने घर के भीतर ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि मृतक को नशे की लत थी, जिसके कारण अक्सर घर में तनाव की स्थिति बनी रहती थी, जिसकी वजह से पत्नी अपने पति के इस कार्य से नाराज रहती थी।मृतक ज्ञानचंद्र अपने पीछे चार छोटी बेटियों को छोड़ गया है, जिनकी उम्र 5 वर्ष से कम है। पिता की मौत के बाद इन मासूमों के सिर से साया उठ गया है। मृतक के पिता गुलाब चंद्र निषाद के दो बेटे और एक बेटी है, जिनमें से ज्ञान चंद्र की इस असमय मृत्यु से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसएसआई भूपेंद्र सिंह चौहान और हल्का प्रभारी अमित यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव मृतक और ससुराल पक्ष के लोगों ने आपसी सहमति से पोस्टमार्टम न कराने का निर्णय लिया।?ग्राम प्रधान की उपस्थिति में लिखित सहमति के बाद पुलिस ने शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने जताया टीईटी का विरोध, धरना प्रदर्शन की चेतावनी

अखंड भारत संदेश

सहसों। शारदा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों का कहना है कि टीईटी को अन्यायपूर्ण तरीके से अनिवार्य किया गया है, जिसे वे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त नहीं किया जाता, तब तक शिक्षक चरणबद्ध तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे। इसी क्रम में गुरुवार को जिला मुख्यालय पर शिक्षकों द्वारा टीईटी के विरोध में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों के शामिल होने की संभावना है।

अंतरराज्यीय मंच पर चमका शंकरगढ़ का सितारा, लालापुर के प्रशांत ने रचा इतिहास

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। यमुनापार के शंकरगढ़ क्षेत्र के लालापुर भटपुरा गांव (वर्तमान निवास, निराला नगर) के युवा छात्र प्रशांत शुक्ला ने एक बार फिर शैक्षणिक मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। कृष्ण चंद्र शुक्ला के पुत्र प्रशांत ने अंतरराज्यीय कविता और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर न केवल अपने संस्थान, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

बीटेक के छात्र प्रशांत वर्तमान में जीएसए यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत हैं। 22 फरवरी को एमवीएन यूनिवर्सिटी में आयोजित बहु-राज्यीय विद्यालय स्तरीय कविता एवं भाषण प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा, लेकिन प्रशांत की प्रभावशाली अभिव्यक्ति, विषय पर मजबूत पकड़ और दमदार प्रस्तुति ने निर्णायकों को प्रभावित कर दिया।

यह उनकी लगातार दूसरी बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले भी वे इसी मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। लगातार दूसरी जीत दर्ज कर उन्होंने अपनी निरंतरता और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है।

कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। संस्थान के पदाधिकारियों ने प्रशांत की उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्र अपने परिश्रम और लगन से न केवल संस्थान, बल्कि समाज और प्रदेश का नाम भी ऊंचा करते हैं।प्रशांत की इस सफलता ने पूरे शंकरगढ़ क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल पैदा कर दिया है। साथ ही, उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का संदेश बनकर उभरी है, जो यह बताती है कि लगन और मेहनत से किसी भी मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है।

घर में घुसे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा, बाइक सहित पुलिस को सौंपा

अखंड भारत संदेश

मांडा। थाना क्षेत्र के सेमरी बाघराय गांव में सोमवार रात चोरी और छिनैती के प्रयास में घर में घुसे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। गृहस्वामी ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ा और उनकी बाइक सहित पुलिस को सौंप दिया। सेमरी बाघराय निवासी राघवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र स्व. इंद्र बहादुर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात करीब 10 बजे वह अपने घर के आंगन में भोजन कर रहे थे। तभी दो युवक गलियारे से उनके घर में घुस आए और महिलाओं की चेन छीनने का प्रयास किया।

राघवेंद्र प्रताप सिंह ने तत्काल दोनों युवकों का पीछा किया। उनकी बिना नंबर प्लेट की अपाचे बाइक जहां खड़ी थी, वहां पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों की मदद से दोनों को

पकड़ लिया गया। इसके बाद युवकों को उनकी बाइक सहित पुलिस के हवाले कर दिया गया। युवकों की तलाशी के दौरान उनके पास से आधार कार्ड मिले, जिससे उनकी पहचान हुई। उनके नाम अभिषेक सिंह पुत्र कमल चंद्र सिंह निवासी हाटा जागीर, थाना मांडा, और दीपक पटेल पुत्र विधि नारायण निवासी हाटा दसवार, थाना मांडा हैं। गृहस्वामी ने अपनी तहरीर में बताया कि उनके घर में शादी का कार्यक्रम चल रहा था, जिसका फायदा उठाकर युवक उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहते थे। उन्होंने पुलिस से प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इस मामले पर थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मामूली टक्कर में मासूम की मौत, परिजनों में कोहराम

अखंड भारत संदेश

झूंसी। प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर मंगलवार सुबह एक हृदयविदारक हादसे में पांच साल की मासूम नित्या पटेल की जान चली गई। आवास विकास कॉलोनी की रहने वाली नित्या स्कूल से छुट्टी के बाद अपने मामा करण के साथ बाइक से घर लौट रही थी। झूंसी थाने के पास उनकी बाइक की टक्कर सामने से आ रही एक स्कूटी से हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी मामूली थी कि बच्ची के शरीर पर खरोंच तक नहीं आई, लेकिन वह मौके पर ही बेहोश हो गई। परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से शिक्षक माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई किए बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया। बिना किसी बाहरी चोट के हुई इस मौत ने सबको स्तब्ध कर दिया है।

मांडा में कारोबारी प्रदीप सोनी से लाखों की लूट

बंदूक की बट मारकर 200 ग्राम सोना और 5 किलो चांदी लूटी

अखंड भारत संदेश

मांडा। क्षेत्र में मंगलवार शाम एक कारोबारी से लाखों रुपये की लूट हो गई। बाइक सवार तीन बदमाशों ने 35 वर्षीय प्रदीप सोनी पर हमला कर उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर, 200 ग्राम सोना और 5 किलो चांदी लूट ली। घटना के बाद घायल प्रदीप को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें शहर रेफर कर दिया गया।यह घटना मंगलवार शाम करीब 7 बजे चकडीहा गांव के पास हुई। प्रदीप सोनी चिलबिला बाजार स्थित अपनी दो दुकानें बंद कर चाबियां और रिवाल्वर कमर में रखकर लौट रहे थे। तभी तीन बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोका और असलहे की बट से ताबड़तोड़ हमला कर सिर पर वार कर गिरा दिया। बदमाशों ने जान लेने की नीयत से प्रदीप के साथ मारपीट भी की।शोर सुनकर

आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे, लेकिन बदमाशों ने असलहा लहराकर उन्हें डरा दिया। इसके बाद, लुटेरे प्रदीप की कमर से दुकान की चाबियां, लाइसेंसी रिवाल्वर, 200 ग्राम सोना और 5 किलो चांदी लेकर फरार हो गए। लगभग कुल 30 लाख की लूट की गई।घायल अवस्था में प्रदीप ने अपने भाई रंजीत सोनी को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल प्रदीप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए शहर रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय और प्रभारी निरीक्षक मांडा अनिल कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे। भाजपा नेता और घायल प्रदीप के भाई रंजीत कुमार सोनी ने पुलिस को तहरीर दी है। एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय ने अस्पताल पहुंचकर घायल प्रदीप से घटना की जानकारी ली। सहायक पुलिस आयुक्त मेजा, प्रयागराज, संत प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच जारी है और इस घटना का जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा।

बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिरी, युवक की हालत गम्भीर

अखंड भारत संदेश

मांडा। थाना क्षेत्र के बदौवा गांव में सोमवार रात एक बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस हादसे में बाइक चालक और उस पर सवार एक अन्य युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक गंभीर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, गजाधरपुर निवासी उमेश कुमार पुत्र कृष्णा प्रसाद सोमवार रात करीब 9 बजे कोरांव क्षेत्र के रवनिया गांव में अपनी रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। बदौवा गांव के पास पहुंचते ही उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और नहर में जा गिरी। हादसे में बाइक चालक उमेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक पर बैठे पुष्पराज को भी चोटें आईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में प्राथमिक उपचार के बाद उमेश कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्साधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उमेश कुमार के सिर और मुंह में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

महाविद्यालय में नशा मुक्ति विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश की अध्यक्षता में, राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'नशा मुक्ति' विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया, इस प्रतियोगिता में बी ए पंचम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी कृष्णावती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी कक्षा की कुमारी मुन्नी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और एम ए थर्ड सेमेस्टर के संजय सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. यह कार्यक्रम छात्राओं में नशा मुक्ति जागरूकता के क्रम में आयोजित कराया गया. इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए जंघई निवासी

अखंड भारत संदेश

जंघई। श्री राम जानकी मंदिर कुटी जंघई मंदिर के महंथ चंद्रमादास महराज के सानिध्य में चल रही संगीतमयी श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन बुधवार को शिव विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा व्यास स्वामी शीतला प्रसाद श्रीधाम वृंदावन ने श्रद्धालुओं को शिव विवाह की कथा का रसपान कराया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। महाराज ने बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह त्याग, तपस्या, समर्पण और

संतुलन का प्रतीक है। उन्होंने जोर दिया कि सच्चा दांपत्य जीवन केवल भौतिक सुखों पर आधारित नहीं होता, बल्कि आपसी समझ, श्रद्धा और धर्म के मार्ग पर चलता है, आगे कहा कि शिव का जीवन वैराग्य और पार्वती का जीवन गृहस्थी का प्रतीक है। इन दोनों का मिलन समाज को संतुलन का महत्वपूर्ण संदेश देता है। शिव विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और जय माता पार्वती के जयकारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया संगीतमय प्रस्तुतियों ने कथा को और भी आकर्षक बना दिया। भजनों और संगीतमय झांकियों के माध्यम से शिव-पार्वती विवाह का सजीव चित्रण किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे कई भक्त भक्ति में झूमते नजर आए। क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जन कल्याण की कामना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का विकास करते हैं। इस अवसर पर आचार्य गण मोनू मिश्रा, संतोष मिश्रा, आशीष मिश्रा, शत्रुघ्न मिश्रा, शिवानंद तिवारी एवं शिव कुमार जायसवाल, राजेश मिश्रा, आयुष जायसवाल, सूरज मिश्र, किशन पाठक, शैलेश पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

फैमिली आई डी से मिलेगा सरकारी योजनाओं का आसानी से लाभ

सहसो ब्लाक में चल रहा वृहद स्तर पर अभियान, फैमिली आई डी के लिए ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। एक परिवार, एक पहचान के तहत जनपद में फैमिली आईडी जारी करने का अभियान ब्लाक स्तरीय अधिकारियो द्वारा वृहद स्तर पर किया जा रहा है।बुधवार को सहसों विकास खण्ड के थानापुर, चंदौहा, सराय हुसैना,देवनहरी, रूदापूर, बिगहिया, पाली,बगई खुर्द सहित विभिन्न गावों में फैमिली आईडी कार्ड बनवाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार राना ने फैमिली आई डी की महत्ता को बताते हुए कहा की आई डी के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा। उन्होंने बताया की 12 अंकों के इस कार्ड में पूरे परिवार का ब्योरा होगा। इस कार्ड से केंद्र और राज्य सरकार की 76 योजनाओं को जोड़ा जा चुका है। अगर ग्रामीण के पास राशन कार्ड नहीं है तो वह फैमिली आईडी बनवाकर भी केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ पा सकता है।खण्ड विकास अधिकारी रामवीर पाल ने फैमिली आईडी की प्रगति को बढ़ाने का निर्देश देते हुए कहा की सचिव एक अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करें और पंचायत सहायक व रोजगार सेवक की मदद से ग्रामीणों की फैमली आई डी बनवाए। उन्होने बताया की राशन कार्ड धारकों का कार्ड नंबर ही उनकी फैमिली आईडी मानी जाएगी। फैमिली आईडी बनाने के लिए परिवार के हर सदस्य का आधार नंबर और उसमें मोबाइल नंबर अटैच होना अनिवार्य है। मौके पर सचिव अश्वनी कुमार, आसमा सिंह, अजय राना सहित रोजगार सेवक व पंचायत सहायक मौजूद रहे।

तमंचा,चाकू के साथ हुए गिरफ्तार किशोरों को सुधार गृह भेजा गया

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा।थाना क्षेत्र ग्राम मंगनापुर में मंगलवार को देर शाम दो संदिग्ध किशोरों को तमंचे और चाकू के साथ पकड कर पीटने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के चंगुल से दोनों को मुक्त करा कर थाने लायी ।पूछ ताछ के दौरान एक ने अपना नाम आर्यन पटेल 17 वर्ष ग्राम तेजा का पूरा रानीगंज प्रतापगढ़ बताया जिसके पास से 315 बोर का तमंचा एक चाकू बरामद हुआ जबकि दूसरे ने अपना नाम शक्ति सिंह पटेल 16 वर्ष ग्राम सिंगाही रानीगंज प्रतापगढ़ बताया जिसके पास से दो चाकू बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार दोनों तिलई बाजार में किसी को देने जा रहे थे परन्तु दोनों को नाम नहीं मालूम था वह किसे देंगें। फिलहाल मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों किशोरों को बुधवार को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को सुधार गृह भेज दिया गया।

भागवत कथा के छठे दिवस पर कृष्ण-रुक्मिणी विवाह और महारास प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रोता

अखंड भारत संदेश

सहसों। आवास विकास कॉलोनी स्थित रामलीला पार्क झूंसी में चल रहे सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के षष्टम दिवस पर कथा व्यास स्वामी श्री रवि कृष्णदास जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े भावपूर्ण प्रसंगों का अत्यंत सुंदर और सजीव वर्णन किया।कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के गुरुकुल में प्रवेश एवं दीक्षा, श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह तथा गोपियों के साथ महारास जैसे दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा व्यास ने गोपियों के प्रेम का महत्व बताते हुए कहा कि मनुष्य को भगवान के प्रति गोपियों जैसा निर्मल और निष्काम प्रेम रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भक्त अपनी दसों इंद्रियों से प्रभु की सच्चे मन से भक्ति करता है, भगवान उसे अपने हृदय से लगाकर मोक्ष प्रदान करते हैं वही सच्चा गोपी भाव है। उन्होंने आगे कहा कि अनुराग और समर्पण के साथ की गई पूजा, आराधना और भक्ति ही मनुष्य को इस भवसागर से पार लगाकर मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा के सुंदर प्रसंगों को सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।कथा के उपरांत मुख्य यजमान श्रीमती सरस्वती शुक्ला एवं शिवनारायण शुक्ल सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान श्री मधुसूदन, व्यास पीठ एवं अविवाहित देवताओं की आरती उतारी। इसके बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्तिकेय द्विवेदी, डॉ. व्यास नारायण शुक्ला, अधिवक्ता योगेश नारायण शुक्ला, राकेश मिश्रा, सत्यम मिश्रा एवं आशा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का रसपान किया।

ब्लाक विजनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत कोरांव ब्लाक में दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

पसना। कोरांव ब्लॉक कार्यालय परिसर में 23 और 24 फरवरी को दो दिवसीय 'ब्लॉक विज़निंग कार्यक्रम' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर विकास की सामूहिक दिशा निर्धारित करना, पंचायतों की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करना और आगामी वर्षों के लिए एक साझा विकास दृष्टि तैयार करना था।

कार्यक्रम के पहले दिन लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 20 ग्राम प्रधान, स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल थे। चर्चा 'विकसित भारत' और 'विकसित उत्तर प्रदेश' के संदर्भ में कोरांव के भविष्य के स्वरूप पर केंद्रित रही।ग्रामीण विकास के एडीओ रामेश्वर सिंह ने आंगनवाड़ी सेवाओं और संपूर्णता अभियान के छह प्रमुख संकेतकों, विशेषकर शिक्षा, और पशुपालन पर विस्तृत जानकारी दी। ममता प्रजापति ने महिलाओं के स्वास्थ्य और ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। 'चेयर गेम' जैसी गतिविधियों के जरिए संवाद, समन्वय और सामूहिक

निर्णय प्रक्रिया के महत्व को समझाया गया।दूसरे दिन, प्रतिभागियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, जेंडर, संसाधन प्रबंधन, संगठन सुदृढ़ीकरण, आजीविका और सुशासन जैसे सात विषयों में विभाजित कर गहन विचार-मंथन कराया गया। पशुपालन विभाग के डॉ. ईश्वरीय नारायण यादव ने पशु टैगिंग और टीकाकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। खेल और विश्लेषणात्मक अभ्यासों का उपयोग समस्याओं, उनके मूल कारणों और सहायक कारकों की पहचान करने के लिए किया गया।

सामूहिक सहमति से ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर समन्वय समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। इन समितियों के लिए 'विकसित कोरांव समिति' और 'प्रेरणा समिति' नाम प्रस्तावित किए गए। खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का समापन हुआ, जहाँ एडीओ ने प्रतिभागियों को धन्यवाद पत्र देकर उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की। यह पहल ग्राम पंचायत विज़निंग और '9 संकल्पों' के साथ समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यक्रम ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया की पहल पर आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य स्थानीय शासन को अधिक उत्तरदायी और प्रभावी बनाना है।

सहसों बीआरसी में तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण शुरू, 72 विद्यालयों के शिक्षकों ने लिया हिस्सा

अखंड भारत संदेश

सहसों। विकासखंड सहसों में बीआरसी में तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बीईओ सहसों वरुण कुमार मिश्रा की देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस बुधवार को सहसों ब्लॉक के 72 विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश सरकार के 'स्कूल हर दिन आयें' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आउट ऑफ स्कूल बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में एआरपी महेश प्रताप सिंह, मनोज यादव, शिव अवतार साहू और कमल सिंह ने शिक्षकों को कार्यक्रम की रूपरेखा समझाई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जो बच्चे 30 दिनों तक विद्यालय में अनुपस्थित रहते हैं, उन्हें आउट ऑफ स्कूल की श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे बच्चों की पहचान कर उनका नामांकन कराना और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य है। यह पहल आरटीई अधिनियम 2009 के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के अधिकार को प्रभावी बनाने पर केंद्रित है। प्रशिक्षण में नामांकन के बाद बच्चों के अधिगम स्तर का मूल्यांकन, आयु संगत कक्षा में विशेष प्रशिक्षण, उपचारात्मक शिक्षण, उपस्थिति ट्रैकिंग तथा कक्षा 1 से 8 तक नियमित अनुश्रवण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष शिखा पांडेय, फूलपुर जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष संतोष जायसवाल, रवि दुबे, राजकुमार गिरी, चंद्रशेखर पांडे, रीता कुशवाहा, रानू मिश्रा, प्रीतिमा गुप्ता, संजीव राय, मनोज मौर्य, डॉ. राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने की प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा, अवैध कब्जों पर सख्ती और जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिले में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और जनसमस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता स्वतंत्र देव सिंह ने की। वह प्रयागराज जनपद के प्रभारी मंत्री एवं जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति) के मंत्री हैं। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास कार्यों, आवास आवंटन, किसानों की समस्याओं, ट्रैफिक प्रबंधन, जलापूर्ति, जनसुनवाई और कानून व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध ढंग से निस्तारित किया जाए और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई कर उन्हें अवगत भी कराया जाए।

अवैध कब्जों पर अभियान तेज करने के निर्देश

मंत्री ने जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले गिरोहों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करने और सभी सरकारी भूमियों को कब्जामुक्त कराने के लिए अभियान तेज करने को कहा। चिन्हित भू-माफियाओं के साथ अन्य संदिग्धों पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई और आईजीआरएस रैंकिंग की समीक्षा

तहसीलों और थानों में होने वाली जनसुनवाई की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। अनावश्यक विलंब पर नाराजगी जताई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को कहा। आईजीआरएस पोर्टल पर जनपद की बेहतर रैंकिंग पर संतोष व्यक्त करते हुए अन्य विभागीय रैंकिंग में भी सुधार लाने के निर्देश दिए।

योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो

मंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ उठा सकें। लंबित एवं धीमी प्रगति वाले विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित करने पर भी जोर दिया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति निकट होने के मद्देनजर विभागों को आवंटित धनराशि का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया। शहर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था, जाम से निपटने के लिए प्रभावी ट्रैफिक प्लान, अस्पतालों में सुविधाओं की उपलब्धता और विद्युत आपूर्ति को सुचारु रखने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, दीपक पटेल, हर्षवर्धन वाजपेयी, राजमणि कोल, पीयूष रंजन निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर पुलिस आयुक्त अजय पाल शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद

दबंगों ने तमंचे से की हवाई फायरिंग

अखंड भारत संदेश

झूंसी। क्षेत्र में एक शादी समारोह उस वक्त दहशत के अखाड़े में तब्दील हो गया, जब महज एक रसगुल्ले को लेकर शुरू हुआ विवाद गोलीबारी तक पहुँच गया। घटना मंगलवार रात छतनाग वार्ड के नैका गांव की है, जहाँ सैदाबाद से बरात आई थी।बताया जा रहा है कि खाने के स्टॉल पर एक बराती ने परोसने वाले युवक से अतिरिक्त रसगुल्ले की मांग की। इस मामूली बात पर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि परोसने वाले युवक ने अपने दबंग साथियों को मौके पर बुला लिया। बाइक से पहुँचे इन युवकों ने सरेआम तमंचा निकाला और हवाई फायरिंग कर दी। फायरिंग होते ही शादी में अफरा-तफरी मच गई और मेहमान अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। वारदात को अंजाम देकर मनबढ़ युवक बाइक से फरार हो गए। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो की अखंड भारत संदेश अखबार पुष्टि नहीं कर रहा है पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

मुख्यमंत्री आवासीय योजना के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोधः किसानों ने कहा एक इंच भी जमीन नहीं देंगे

अखंड भारत संदेश

सहसों। मुख्यमंत्री विस्तारीकरण योजना के तहत हेतापट्टी, निबी खुर्द, नारायणपुर समेत एक अन्य गांव में करीब 500 बीघा जमीन लेकर आवासीय योजना विकसित किए जाने की तैयारी के विरोध में बुधवार को किसानों और काश्तकारों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर साफ शब्दों में कहा कि वे अपनी एक इंच भूमि भी नहीं देंगे और इसके लिए पूरा गांव सड़क पर उतरकर विरोध करेगा।नीबी और नारायणपुर में पूर्व प्रधानाध्यापक चिंतामणि तिवारी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगे की रणनीति तय की गई। बैठक के दौरान किसानों ने भूमि अधिग्रहण का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि जमीन छिनने से उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा।चिंतामणि तिवारी ने कहा कि यदि उनकी जमीन ली गई तो उनके बच्चों के सामने भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और भविष्य में आवास की गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी। ग्राम प्रधान पुरंदर तिवारी उर्फ प्रियांशु ने कहा कि ग्रामीण इस मुद्दे को लेकर क्षेत्रीय सांसद और विधायक को अवगत कराएंगे तथा अपना विरोध मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। विरोध प्रदर्शन का संचालन राजमणि शुक्ला ने किया। इस दौरान धर्मेंद्र तिवारी, दयाशंकर तिवारी, पंकज सिंह, नंदलाल भारतीय, वसंत लाल हरिजन, साधुराम शुक्ला, अभय राज सिंह, संतोष त्रिपाठी, दिलीप त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव वापस नहीं लिया जाता, उनका विरोध जारी रहेगा।

यूपी और उड़ीसा के मध्य सेतु का काम करेगी अरैल तट पर श्री जगन्नाथ धाम मंदिर की स्थापनाः सीएम उड़ीसा

सीएम उड़ीसा ने मंदिर की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी अरैल संगम तट पर स्थित परमार्थ त्रिवेणी पुष्प परिसर में भगवान श्री जगन्नाथ धाम मन्दिर की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय महोत्सव उत्तर और पूर्व भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत प्रतीक बनकर उभरा है। यह भव्य अनुष्ठान परमार्थ निकेतन आश्रम के स्वामी चिदानन्द सरस्वती के नेतृत्व में हो रहा है। बुधवार को महोत्सव में उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि अरैल संगम तट पर भगवान श्री जगन्नाथ धाम की स्थापना उड़ीसा और उत्तर प्रदेश के बीच सांस्कृतिक सेतु का काम करेगी। साथ ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त बनाएगी।

उन्होंने इसे अद्भुत एवं अनुकरणीय पहल बताया और सम्पूर्ण उड़ीसा वासियों की ओर से चिदानंद सरस्वती को साधुवाद एवं अभिनंदन प्रेषित किया। इस अवसर पर संध्याकालीन भव्य गंगा आरती का आयोजन परमार्थ त्रिवेणी पुष्प स्थित परमार्थ न्यू अरैल घाट पर हुआ। मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और भक्तों की आस्था से संगम तट दिव्यता से आलोकित हो उठा था। उड़ीसा के मुख्यमंत्री माझी ने आरती में सहभागिता कर त्रिवेणी संगम का आशीर्वाद लिया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं नदी स्वच्छता के संकल्प को दोहराया। स्वामी चिदानंद मुनि ने इस आयोजन पर पूर्व राज्यपाल दिवंगत केसरी नाथ त्रिपाठी का श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस पावन अवसर पर उड़ीसा के एडवोकेट जनरल पीतम्बर आचार्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. प्रियंका मार्नडी, मनोज कुमार साहू, प्रसन्न कुमार सारंगी, समरेन्द्र कुमार नायक, शिब प्रसाद महान्ता सहित अनेक संत, विद्वान, गणमान्य अतिथि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी ने राष्ट्र में शांति, समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण की सामूहिक प्रार्थना की। इसके अलावा राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान, कमिश्नर प्रयागराज सौम्या अग्रवाल, डीएम मनीष वर्मा, नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, सचिव प्रयागराज विकास प्राधिकरण देवेन्द्र यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अजीत सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाया। परमार्थ त्रिवेणी पुष्प के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण सारस्वत एवं उनकी टीम के योगदान की भी सराहना की गई। प्रयागराज में स्थापित भगवान श्री जगन्नाथ धाम अब एक नवीन आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक तीर्थ के रूप में विकसित होगा।

थीम आविष्कार 2026 पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा को किया प्रदर्शित : भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

बच्चों ने रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच की प्रतिभा का किया प्रदर्शन - मैनेजर आकांक्षा यादव

अखंड भारत संदेश

सोरांव। आज वर्तमान समय में बच्चे शिक्षा के साथ ही साथ चाहे वह डिजिटल का क्षेत्र हो या विज्ञान का, हर क्षेत्र में बच्चे अपनी प्रतिभा को निखार रहे और बढ़ रहे आगे। ऐसा ही आप देख सकते हैं विकास खंड सोरांव अंतर्गत हाजीगंज स्थित आर पी वाई कॉन्वेंट एवं इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा की एक बेहतर प्रस्तुति दी जिसमें वायु प्रदूषण सम्बंधित मॉडल, ज्वालामुखी विस्फोट, पर्यावरण संरक्षण में प्रदूषण बचाव, जल संचय, तकनीकी विज्ञान, बच्चों ने सुरक्षा प्रणालियां जैसे भूकंप अलार्म, स्वचालित लाइट, सेटेलाइट, चंद्रायन 3, पानी को कैसे शुद्ध किये जाने के उपाय, ए आई का मॉडल, सोलर सिस्टम, अंग्रेजी भाषा का टी एल एम, सौरमण्डल, कम्प्यूटर के प्रकार सहित कई प्रकार के मॉडल को विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसका विद्यालय के चेयरमैन पूरन चंद्र यादव, डायरेक्टर सहाजन राम गुप्ता, मैनेजर आकांक्षा यादव, प्रिंसिपल सुगंध गुप्ता सभी ने बच्चों द्वारा बनाये गए इस मॉडलों को देखा और प्रत्येक मॉडलों को बच्चों ने उन्हें बताया। जिसमें सभी ने बच्चों के इस प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा की आज के बच्चे ही कल का भविष्य कहलायेंगे। डॉयरेक्टर सहाजन राम गुप्ता ने कहा की आज बच्चों ने जो अपनी प्रतिभा व सोच की प्रस्तुति दी है वह एक दिन अपनी मंजिलों में कामयाब होते हुए देश की तकनीकी व विकास में उसका हिस्सा भी बनेंगे। उसी क्रम में आर पी वाई कॉन्वेंट स्कूल की मैनेजर आकांक्षा यादव ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तक की ज्ञान तक सीमित न होकर विद्यार्थियों के इस समग्र विकास पर केंद्रित होनी चाहिए विद्यार्थियों ने आज जो अपनी प्रतिभाओं की प्रस्तुतियां दी हैं वह एक बहुत ही अहम् व सराहनीय विचार है और कहा कि बच्चों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, रचनात्मक और वैज्ञानिक सोच का भी प्रदर्शन किया है। उसी क्रम में प्रिंसिपल सुगंध गुप्ता ने भी बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए शोध और विकास समाज की प्रगति को कैसे और कहां ला सकते हैं और बनाए रख सकते हैं आपज बच्चों ने अपनी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से यह साबित कर दिखाया कि आज के बच्चे ही कल एक अच्छे मुकाम पर होंगे। इस विज्ञान प्रदर्शनी में जिसकी थीम है आविष्कार 2026 अर्थात् इसका का उद्देश्य यह है कि अपनी सोच अपने इस तकनीकी विज्ञान की प्रतिभा को आगे बढ़ाना। मैनेजर आकांक्षा यादव ने बताया की विज्ञान प्रदर्शनी में कुल 73 मॉडलों की बच्चों ने अपनी प्रतिभा प्रस्तुति दी है जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र के साथ उन्हें सम्मानित किया जाएगा

टीएल एम प्रदर्शनी एवं विद्यालयों में कायाकल्प सेमिनार आयोजित

अखंड भारत संदेश

करछना, प्रयागराज। विकासखंड करछना के सभागार में प्रधान अध्यापक और ग्राम प्रधानों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी प्रसाद पांडे और विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड करछना के प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी रहे ,खंड शिक्षा अधिकारी करछना शैलपति यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ग्राम प्रधानों के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यशाला में सभी वक्ताओं ने विद्यालयों के कायाकल्प के बारे में सभी ग्राम प्रधानों की प्रशंसा की गई प्रधान प्रतिनिधि एवं ब्लॉक प्रमुख द्वारा शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्साह वर्धन किया गया उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री शिव बहादुर सिंह, बृजेश सिंह रविंद्र नाथ मिश्रा रणधीर शर्मा विनय कुमार सिंह त्रिवेणी शंकर आशुतोष मिश्रा जितेंद्र नाथ मिश्रा एवं प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह मंत्री धीतेश तिवारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन ए. आर. पी .विजय मिश्रा ने किया मनोज मिश्रा अभिषेक तिवारी कुलदीप सिंह कुसुम सिंह पूनम वर्मा सुनीता द्विवेदी रूशदा नाहिद देवेंद्र यादव आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे इस अवसर पर कई विद्यालयों की तरफ से टी एल एम प्रदर्शनी भी लगाई गई

प्रयागराज मंडल में लंबित राजस्व वादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मंडलायुक्त की समीक्षा बैठक

पांच वर्ष से अधिक लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु सख्ती, लक्ष्य आधारित मॉनिटरिंग और एसीआर से जोड़ी जाएगी जवाबदेही

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रयागराज मंडल की समस्त 19 तहसीलों के उपजिलाधिकारियों/तहसीलदारों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक संपन्न हुई जिसका मुख्य उद्देश्य लंबे समय से अथवा पाँच वर्ष से अधिक समय से लंबित राजस्व वादों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रभावी रणनीति निर्धारित करना तथा निस्तारण प्रक्रिया में अपेक्षित तीव्रता लाना था।बैठक में तहसीलवार लंबित वादों की संख्या, उनकी प्रकृति तथा लंबित रहने के कारणों की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से उन प्रकरणों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो लंबे समय से अथवा पाँच वर्ष से अधिक समय से विचाराधीन हैं। फरवरी माह में किए गए निस्तारणों की तहसीलवार जानकारी लेते हुए माह के अंत तक कुल निस्तारण के लक्ष्य निर्धारित करने को भी कहा गया।मंडलायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी वाद में अंतिम आख्या प्राप्त होने के पश्चात उसे पोर्टल पर अपलोड किए बिना उस प्रकरण को पूर्णतः निस्तारित नहीं माना जाएगा। जिन वादों में आदेश पारित होने के उपरांत भी आख्या पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है, उन्हें अपूर्ण श्रेणी में रखा जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।जिन तहसीलों में अपेक्षाकृत कम संख्या में वादों का निस्तारण पाया गया, वहां के उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को कड़ी फटकार लगाई गई तथा निस्तारण प्रक्रिया में त्वरित सुधार लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। मंडल के अंतर्गत सोरांव तहसील में सर्वाधिक लंबित वाद पाए जाने पर संबंधित उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि विशेष अभियान चलाकर अधिकतम संख्या में प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि जिन तहसीलों में निस्तारण की गति अपेक्षित स्तर पर नहीं पाई जाएगी, वहाँ के संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं संबंधित राजस्व अधिकारियों द्वारा किए गए निस्तारण के बिंदुओं को उनकी वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि (एसीआर) में सम्मिलित किया जाएगा, जिससे कार्य निष्पादन की पारदर्शी समीक्षा संभव हो सके। अगली विस्तृत समीक्षा 28 फरवरी के उपरांत की जाएगी, जिसमें निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष वास्तविक उपलब्धि का मूल्यांकन किया जाएगा।

मंडलायुक्त ने यह स्पष्ट किया कि केवल संख्यात्मक वृद्धि ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण एवं न्यायोचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। प्रशासन का प्राथमिक दायित्व आमजन को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है। प्रयागराज मंडल में कुल 1,06,367 राजस्व वाद लंबित हैं, जिनमें प्रयागराज जनपद में 42,640, प्रतापगढ़ में 30,769, फतेहपुर में 12,313 तथा कौशाम्बी में 8,012 वाद लंबित हैं।

विकास कार्यों की समीक्षा में लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज, रोका गया वेतन

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में परियोजना निदेशक डी०आर०डी०ए० दयाराम यादव व जिला विकास अधिकारी/उपायुक्त श्रम रोजगार सन्तोष कुमार द्वारा जनपद के समस्त समस्त संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों, विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं०), अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) एवं समस्त पंचायत सचिवों के साथ विकास कार्यकमों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में की गई। बैठक में फैमिली आई०डी०, गौशाला पूलिंग एवं हरे चारे (नेपियर) की बुआई, राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत व्यय, आवास योजना की प्रगति समीक्षा, जल संचयन जल भागीदारी की फीडिंग, समस्त प्रकार की पेशन के आवेदन व सत्यापन, फार्मर रजिस्ट्री, श्रम कार्ड पंजीयन, मिशन कायाकल्प के कार्य,

अन्नपूर्णा भवन निर्माण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। समीक्षा में ग्राम पंचायत अधिकारी संगीता पाल व दीपक यादव विकास खण्ड सदर, सरिता पाण्डेय विकास खण्ड कुण्डा, ग्राम विकास अधिकारी चन्द्रमौली विकास खण्ड लालगंज अनुपस्थित रहे, जिससे इनका वेतन बाधित करने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत अधिकारी लालचन्द्र पाल एवं बृजेश कुमार विकास खण्ड बिहार की प्रगति न्यून पाये जाने व कार्यों में शिथिलता बरतने के कारण इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

सहायक विकास अधिकारी (पं०) शिवगढ़ व अवर अभियन्ता लघु सिंचाई विकास खण्ड गौरा द्वारा अपने दायित्व निर्वहन में लापरवाही के बरतने के कारण वेतन बाधित करने के निर्देश दिये गये। सहायक विकास अधिकारी (पं०) कुण्डा एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा विकास खण्ड सदर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की शीर्ष प्राथमिकता के विकास कार्यकमों यथा-फैमिली आई०डी०, समस्त प्रकार की पेशन के आवेदन व सत्यापन, जल संचयन जल भागीदारी की फीडिंग, श्रम कार्ड पंजीयन, आवास पूर्णता, अन्नपूर्णा भवन निर्माण के निर्धारित लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति दिनांक 28 फरवरी तक पूर्ण कराये जाने एवं गौशाला पूलिंग एवं हरे चारे (नेपियर) की बुआई, राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत व्यय, मिशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयो में टाईलीकरण एवं दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य को दिनांक 10 मार्च 2026 तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। निर्धारित समय सीमा में उपरोक्त बिन्दुओं पर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित न कराने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित किये जाने के निर्देश दिये गये।

तमंचे से गोली मारकर घायल करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, अवैध असलहा बरामद

पट्टी। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पूरेधनी गांव निवासी युवक को घर से बुलाकर तमंचे से गोली मारकर घायल कर देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। मामले में थाना आसपुर देवसरा पर 06 नामजद व 02 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा राकेश चौरसिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई।उपनिरीक्षक सचिन कुमार पटेल मय हमराह उपनिरीक्षक संजय कुमार, कांस्टेबल कैलाश

यादव व नीरज पटेल द्वारा क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश व संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गौरा माफी कब्रिस्तान के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिवा सिंह पुत्र आशीष सिंह उर्फ राजू सिंह (22 वर्ष) निवासी ग्राम डिहिआ थाना खुटहन जनपद जौनपुर के रूप में हुई है।

पट्टी चौक पर भीषण जाम, घंटों फंसे रहे लोग

पट्टी। कस्बे के मुख्य चौक पर बुधवार की दोपहर अचानक भीषण जाम लग गया, जिससे आम राहगीरों से लेकर स्कूली बच्चों तक को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोग घंटों तक फंसे रहे।सबसे अधिक परेशानी स्कूली वाहनों में बैठे बच्चों को उठानी पड़ी। दोपहर के समय स्कूल छुट्टी होने के कारण कई वैन और बसें चौक पर जाम में फंस गईं। अभिभावकों को भी अपने बच्चों के घर पहुंचने में देरी को लेकर चिंता बनी रही।स्थानीय लोगों का कहना है कि चौक पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। सड़क किनारे अवैध पार्किंग, ठेला-खोमचे और बेतरतीब खड़े वाहन जाम की बड़ी वजह बन रहे हैं। बावजूद इसके, यातायात व्यवस्था संभालने के लिए मौके पर कोई भी सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं दिखा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि समय रहते यातायात पुलिस या होमगार्ड की तैनाती होती तो स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता था।

हंगामेदार बैठक में साढ़े अठारह करोड़ की परियोजनाओं पर लगी मुहर

● बीडीसी की बैठक में जिला स्तरीय अफसरों की गैरहाजिरी पर आक्रोशित सदस्यों ने जतायी नाराजगी

लालगंज । क्षेत्र पंचायत समिति की बुधवार को हंगामेदार बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं के मद में साढ़े अठारह करोड़ रुपए की कार्ययोजना पर मुहर लगी है। लालगंज क्षेत्र पंचायत समिति की पूर्व निर्धारित बैठक ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज की अध्यक्षता में दोपहर प्रारम्भ हुई। बैठक में सदस्यों ने जनपदस्तरीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर हंगामा शुरू कर दिया। नाराज सदस्य बैठक का बहिष्कार कर सभागार से बाहर आ गये। इस पर प्रमुख अमित सिंह ने जिले के पीडी दयाराम वर्मा से फोनिक वार्ता की। पीडी ने प्रमुख के माध्यम से सदस्यों को भरोसा दिलाया कि अगली बैठक में सभी जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद बैठक की कार्रवाई ब्लाक प्रमुख के

अनुरोध पर शुरू हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख अमित सिंह ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से लालगंज में ग्रामीण विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाएगा। उन्होने आदर्श ब्लाक की प्रगति में प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से सहयोग मांगा। वहीं बैठक में केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत दो करोड़ तथा राज्य वित्त योजनान्तर्गत डेढ़ करोड़ एवं विकसित भारत योजनान्तर्गत पन्द्रह करोड़ की परियोजनाओं को सर्वसम्मत से अनुमोदन के लिए प्रस्तावित किया गया। बैठक में शामिल हुए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। बैठक का संचालन खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा ने किया। स्वागत एडीओ पंचायत विमलेश कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर विमलेश सिंह, दिनेश सिंह, जयप्रकाश प्रजापति, पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, रामसजीवन झुड़िया, मो0 अशफाक, मुकेश यादव, सुनील पाण्डेय, शिवराम यादव, विद्युत मिश्र, बृजेश सिंह, देवेन्द्र सिंह ने भी विभिन्न विकास योजनाओं पर अपने सुझाव रखे।

सई नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की ओर प्रतापगढ़ वन विभाग का अभिनव प्रयोग

प्रतापगढ़। सामाजिक वानिकी वन एवं वन्य जीव प्रभाग के जिला गंगा समिति/पर्यावरण समिति द्वारा मुख्य विकास अधिकारी के निदेर्शानुसार माँ बेल्हा देवी सई नदी के किनारे प्रभागीय निदेशक आशुतोष गुप्ता के मागदर्शन में सई नदी की स्वच्छता हेतु एक अनोखी पहल शुरू की गई है जिसमें प्लास्टिक बोतलों से निर्मित प्रोटोटाइप वेस्ट कलेक्शन फ्लोटिग बैरियर को सई नदी में बेल्हा देवी मंदिर के पास सफलता पूर्वक स्थापित किया गया जो नदी के प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत प्रभागीय निर्देशक कार्यालय की टीम द्वारा संचालित किया गया। इस पहल के अंतर्गत प्लास्टिक बोतलों को रस्सी, प्लास्टिक जाल व बांस की सहायता से श्रृंखला के रूप में जोड़ा गया है जो नदी के

बहाव में तैरते कचरे को एकत्रित करता है। फूलों और अन्य जैविक अपशिष्टों को भी प्रभावी ढंग से एकत्र करने में सक्षम है यह संरचना बांस के मजबूत ढांचे पर आधारित है, जो लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल है। बेल्हा देवी मंदिर जो सई नदी तट पर स्थित ऐतिहासिक शक्तिपीठ है. भक्तों की भारी संख्या के कारण विशेष रूप से प्रभावित होता है। भगवान राम द्वारा पूजित मानी जाने वाली इस देवी स्थली पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं जिनके फूल चढ़ाने से नदी में अपशिष्ट बढ़ जाता है। यह फ्लोटिंग बैरियर नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने में कारगर साबित हो सकता है। प्लास्टिक बोतलें जो स्वयं कचरा हैं, उनका पुनः उपयोग कर नया कचरा एकत्रित करना दोहरा लाभ प्रदान करता है। इससे नदी जल की गुणवत्ता सुधरेगी एवं जलीय जीवों का संरक्षण होगा। प्रभागीय निदेशक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि यह प्रतापगढ़ वन एवं पर्यावरण विभाग की पहल है जो तकनीकी ज्ञान के साथ पर्यावरण संरक्षण को जोड़ती है। आने वाले समय में इसे अन्य नदियों पर विस्तारित करने की योजना है। वन विभाग प्रतापगढ अब इस प्रोटोटाइप के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगा। यदि सफल रहा तो पूर्ण रूप से कार्यान्वित कर सई नदी को प्रदूषण मुक्त बनाया जाएगा। जन जागरूकता अभियान चलाकर भक्तों को प्लास्टिक मुक्त पूजा के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ हुआ एनएसएस शिविर का शुभारंभ

प्रतापगढ़। तहसील लालगंज अन्तर्गत राजकली रमाशंकर शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोठिन जलेशरगंज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रधान अनेहरा दिवाकर शुक्ल, प्रधान मोठिन रामकृष्ण द्विवेदी व डॉ0 सर्वेश कुमार त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। एनएसएस के शिविरार्थियों सुहानी, अंजली, काजल द्विवेदी, कोमल,

सुनैना, क्रांति, अंतिमा, शिवम गुप्ता ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान व स्वच्छता गीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। शिविरार्थियों द्वारा एनएसएस गीत उठे समाज के लिए उठें ने मंत्रमुग्ध किया। वक्ताओं ने कहा कि शिविर का मुख्य उददेश्य छात्र छात्राओं में सामाजिक सेवा व स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना होता है।

टीईटी से नाराज शिक्षकों ने बांधी काली पटटी, जताया सांकेतिक विरोध

प्रतापगढ़। टीईटी की अनिवार्यता को लेकर विरोध कर रहे परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने बुधवार को भी हाथ में काली पटटी बांधकर सांकेतिक विरोध जताते हुए कार्य किया। वहीं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक अन्तर्गत बीआरसी कार्यालय पर बुधवार को शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता को लेकर काली पटटी बांधकर सांकेतिक विरोध जताया। शिक्षकों ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता को लेकर विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा। इस मौके पर रेनू सिंह,

अशोक पाण्डेय, विवेक तिवारी, सुनील मौर्य, विज्ञान प्रकाश, शिवराम मिश्र, देवतादीन मौर्य, साहबलाल आदि मौजूद रहे।

जग में सुंदर है दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम

बेलखरनाथ धाम। पट्टी तहसील क्षेत्र के गोई गांव स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से बुधवार को भगवान श्री कृष्ण बलराम शोभा यात्रा सनातन समरसता एवं पचहत्तर किलोमीटर लंबी पांच दिवसीय भव्य धार्मिक पदयात्रा निकाली गई। जिसमें भक्तगण गाजा बाजा ढोल मजीरा के साथ नाचते गाते भगवान के नाम का गुणगान संकीर्तन करते आगे बढ़े तो भक्ति भावना हिलोरे लेने लगी और जय श्री राम, राधा कृष्ण,जय जगन्नाथ भगवान के जयकारे से क्षेत्र गूंज उठा। और भक्तगण पदयात्रा में शामिल होकर भक्ति भावना में गोता लगाकर धन्य हो उठे। यह धार्मिक पदयात्रा गोई गांव के श्री जगन्नाथ मंदिर से

चलकर पट्टी,शीतलागंज, प्रतापगढ़, पृथ्वीगंज, रानीगंज होते हुए 1 मार्च को धूमधाम से जामताली पहुंचेगी। इस दौरान धार्मिक पदयात्रा के आयोजक श्री जगन्नाथ मंदिर के संस्थापक सेवानिधि गौरांग दास महाराज ने कहा कि ऐसे आयोजन से जहां पर धर्म के साथ आस्था प्रगाढ़ होती है वहीं पर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार होता है और सनातन धर्म मजबूत होता है। यह आयोजन क्षेत्र एवं जन कल्याण के लिए किया जा रहा है।

और उन्होंने भक्ति भावना की दो लाइन परोसते हुए कहा कि जग में सुंदर हैं दो नाम चाहे कृष्ण कहो या राम, बोलो राम राम राम बोलो श्याम श्याम श्याम। शोभा यात्रा और पदयात्रा से क्षेत्र भक्ति में डूबा रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आयोजक सेवानिधि गौरांग दास महराज, आनंद शर्मा, रविंद्र त्रिपाठी, ओम पांडेय, गणेश मिश्रा, शिवनाथ दास, अमृतलाल, जयंत प्राण, संगम लाल विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, नर नारी क्षेत्रीय जन सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधि आपके द्वार कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

कुंडा । कुँवर अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल भइया ने बुधवार को ह्लजनप्रतिनिधि आपके द्वारह्व अभियान के तहत कुंडा विकास क्षेत्र के कई गांवों में सघन जनसंपर्क कर एक बार फिर यह संदेश दिया कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की राजनीति सेवा और समर्पण पर आधारित है, न कि जातिवाद पर। गोपाल भइया जमेठी, रैयापुर, बछंदामऊ, सरायकीरत, भदरी और अख्तियारी कोटिला गांवों में पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान कराकर कार्यकताओं में नया जोश भर दिया।

उन्होंने कहा कि सेवानीति ही पार्टी का मूल मंत्र है। ह्लहम जाति की नहीं, जरूरत की राजनीति करते हैं।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जनप्रतिनिधियों को जनसेवक कहा है, किसी जाति का प्रतिनिधि नहीं। यही विचार हमारी राजनीति की आत्मा है।ह्व गोपाल भइया ने स्पष्ट किया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुँवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने अपने राजनीतिक जीवन में कभी जाति का सहारा नहीं लिया।

मिस्त्री पर हमला करने वाले पिता पुत्र के खिलाफ केस दर्ज

बेलखरनाथ धाम। कंधई थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर में दो दिन पूर्व रास्ते में राजमिस्त्री पर हमला करने वाले आरोपितों के खिलाफ कंधई पुलिस ने मंगलवार देर शाम केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पीड़ित की मां हीरावती का कहना है कि उनका पुत्र रंजीत कुमार राजमिस्त्री का काम करता है,बीते सोमवार रात लगभग साढ़े सात बजे वह काम करके घर आ रहा था,रास्ते में घर से 100 मीटर पहले पन्नालाल वर्मा की दुकान के पास पुराने विवाद को लेकर घात लगाए बैठे पिता पुत्र सहित चार लोगों ने उसके ऊपर लाठी डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । इस दौरान आरोपितों ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया, हल्ला गुहार पर जब आस पास के लोग दौड़े तो आरोपित धमकी देते हुए फरार हो गए।एसओ कंधई सतेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि हीरावती की तहरीर पर पुरुषोत्तमपुर निवासी नन्हे लाल, उसके पुत्र विनोद, प्रमोद और मनोज के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

मंडल अध्यक्ष राजाराम वैश्य के प्रयासों से गड़वारा को मिली विकास की नई राह

प्रतापगढ़। स्थानीय नगर पंचायत गड़वारा क्षेत्र के वार्ड चौरा से हनुमान मंदिर तक जाने वाली पिछले लगभग 25 वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक राजेंद्र मौर्य के द्वारा बुधवार को विधिवत पूजन एवं नारियल फोड़कर किया गया। वर्षों से बदहाल स्थिति में पड़ी यह सड़क क्षेत्रवासियों के लिए गंभीर समस्या बनी हुई थी। गहरे गड्ढों, जलभराव एवं आवागमन में कठिनाइयों के कारण आमजन, विद्यार्थियों, किसानों एवं मरीजों को निरंतर परेशानियों का सामना करना पड़ता था। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम वैश्य के सतत प्रयासों एवं पहल के परिणामस्वरूप जिला पंचायत की इस सड़क को पीडब्ल्यूडी में परिवर्तन कर प्राथमिकता

दिलाई गई, जिससे अब इसके स्थायी निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह सड़क उनके द्वारा प्रस्तावित 21 महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल है, जिनमें से अधिकांश का टेंडर पूर्ण हो चुका है और निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि क्षेत्र की ढाई दशकों पुरानी पीड़ा का अंत है। वर्षों से उपेक्षित यह मार्ग अब विकास की मुख्य धारा से जुड़ने जा रहा है, जिससे क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता नवीन सिंह, नारायण सिंह, सभासद बृजेश सिंह, सभासद विवेक त्रिपाठी, नंदलाल सरोज, गुड्डू विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष कार्यकारी राजेश पाण्डेय, मनोज पुष्पाकर,मंडल मंत्री अंजनी पांडेय, सोशल मीडिया संयोजक मोनू पांडेय, शक्ति केंद्र संयोजक रामचरित्र मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, बूथ अध्यक्ष पं. गौरीशंकर मिश्रा, शेर बहादुर सिंह, संजय सोनी, सुधीर मोदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कोचिंग जा रहे छात्र को तेज रफ्तार बस ने रौंदा छात्र की मौत

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र का एक छात्र साइकिल से कोचिंग जा रहा था लेकिन उसे तेज रफ्तार बस ने रौंद दिया है जिससे छात्र की मौत हो गई है मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया और जमकर हंगामा किया है

जानकारी के अनुसार संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी पवन पटेल उम्र 18 वर्ष पुत्र गंगा प्रसाद बुधवार की सुबह साइकिल से कोचिंग में कंप्यूटर का कोर्स सीखने जा रहे थे जैसे ही पावन पूरामुफ्ती थाना के समीप जीटी रोड पर पहुंचे तेज रफ्तार बस ने उसे जोरदार टक्कर

छात्र की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर किया आवागमन बाधित हंगामा

मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने जीटी रोड पर जाम लगा दिया,जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया और सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सराय अकील थाना क्षेत्र अंतर्गत तरना गांव के पास सड़क हादसे में एक साइकिल सवार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार साइकिल सवार किसी काम से सड़क से गुजर रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर हादसे के कारणों की जांच कर रही है।इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर है।

प्रतियोगी परीक्षार्थी की आम के पेड़ पर मिली लाश

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव के बाहर आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटकता हुआ प्रतियोगी छात्र का शव मिला है शव मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया,घटना की सूचना खेत की सिंचाई कर रहे लोगों ने परिजनों और पुलिस को दी।मौके पर पहुंचे परिजन युवक को आनन-फानन में इलाज के लिए प्रयागराज के स्वरूपरानी अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव निवासी शुभम यादव उम्र 18 वर्ष पुत्र बालचरन यादव बीए का छात्र था,वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर रहा था,सुबह खेत में पानी लगाए लोगों ने छात्र का शव पेड़ पर लटकता हुआ देखा तो सनसनी मच गई,लोगो ने इसकी जानकारी छात्र के परिजनों को दी,मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच में जुटी हुई है। छात्र की मौत अचानक कैसे हुई इस पर सवाल खड़ा है

2 करोड़ 59 लाख में बना धोबी घाट तालाब का हाल बेहाल

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशांबी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर में सौंदर्यी कृत धोबी घाट तालाब में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है तालाब के पानी से भीषण बदबू आ रही है और गंदगी से वार्ड के वासी भी परेशान है वार्ड वासियों के अनुसार यह बदबू मुख्य रूप से तालाब में कचरा जमा होने, सड़ते हुए पौधों और पानी स्थिर होने के कारण उत्पन्न होती है जिससे मच्छरों का प्रकोप सहित संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है स्थानीय प्रशासन से शिकायत के बावजूद सफाई नहीं हो रहीं है लगभग 2 करोड़ 59 लाख की अधिक की लागत से धोबी घाट तालाब का सौंदर्यीकरण 2016-17 में योजना के तहत तालाब की

घेराबंदी भव्य प्रवेश द्वार घाटों का सौंदर्यीकरण तालाब का गहरीकरण ,टहलने के लिए पाथवे,घास और पौधरोपण ,बैठने के लिए बेंच ,50 लाख की लागत से आधुनिक लाइटिंग शौचालय आदि की व्यवस्था करना था ।वार्ड वासी बीरू ने बताया तालाब के गंदे पानी से सभी दुकानदार,नागरिक परेशान हैं,सौंदर्यीकृत तालाब के लगभग 400 मीटर के एरिया में फूल पौधे लगाए गए थे जिनकी सिंचाई के लिए चारों तरफ पाइप डालकर लगभग 13 टोंटिया लगाई गईं लेकिन सच्चाई यह कि मात्र 2से 3 टोंटियों से 50 मीटर तक ही पानी निकलता है,जिससे पानी के अभाव में पुष्प पौधे सूखे जा रहे हैं। रात दिन रखवाली के लिए 3 केयर टेकर लगाए गए।जो नाकाफी साबित हो रहे हैं।ननका ने बताया इस धोबीघाट तालाब की पाथवे में भ्रमण के लिए भोर से स्वास्थ्य को लेकर जागृत लोग टहलने आते हैं दर्जनों चक्कर लगाकर अपने सेहत सही रखने का प्रयास करते हैं धोबीघाट तालाब रूपी पार्क की घास,खर काटकर बाउंड्री की तरफ गंदगी का ढेर लगा दिया जाता है जिससे विषैले कीड़ों सांपों का खतरा बना रहता है।सेहत की फिक्रमंद और वार्ड वासियों ने जिम्मेदारों से सौंदर्य कृत धोबी घाट तालाब की व्यवस्था ठीक करने की मांग की है।जिम्मेदारों ने कहा शीघ्र ही धोबी घाट तालाब की व्यवस्था सुधार दी जाएगी।

न्यायालय के आदेश के विपरीत खुलेआम दबंगई जमीन पर लगा दिया बोर्ड

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद भी अराजकता में कमी नहीं दिखाई पड़ रही है

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। प्रदेश में सरकारे बदली लोगों को उम्मीद जागी कि सरकार बदलने के बाद कानून व्यवस्था में सुधार होगा आम जनता को न्याय मिलेगा दबंगई करने वाले लोग परास्त होंगे लेकिन सरकार बदलने के बाद भी अराजकता में कमी नहीं दिखाई पड़ रही है अराजकता कम होने का दावा सरकारे और अधिकारी कर रहे हैं लेकिन सरकार बदलने के बाद भी अराजकता करने वाले के मंसूबे कम होते नहीं दिख रहे हैं जमीनी विवाद का हवाला देकर के आए दिन गुंडा टैक्स वसूली करने वाले लोग खुले आम सड़कों पर घूम रहे हैं उन पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है और जमीनी विवाद का हवाला देकर पुलिस भी अपना पल्ला झाड़ रही है जिन मामलों में अदालत के स्पष्ट निर्देश मिल चुके हैं उन मामलों में भी दबंग लोग हस्तक्षेप करने से बाज नहीं आ रहे हैं जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं ताजा मामला चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावां के तनवीर अहमद का है तनवीर अहमद के पक्ष में हाई कोर्ट से स्पष्ट निर्देश मिलने के बाद दबंगों के आतंक से तनवीर अहमद अपनी जमीन पर काबिज नहीं हो पा रहा है जिससे चौपट कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है

चायल तहसील क्षेत्र के सैय्यद सरावां निवासी तनवीर अहमद पुत्र वजीरूला हसन वर्तमान में रहमत नगर जीटीवी नगर करेली प्रयागराज में रहते है उनकी आराजी संख्या 283 रकवा 1600 हेक्टेयर सैय्यद सरावां में हाईकोर्ट और चकबंदी न्यायालय ने तनवीर अहमद के पक्ष में स्पष्ट आदेश दिया है तनवीर अहमद की जमीन में हाई कोर्ट से निर्माण का भी आदेश हुआ है लेकिन दबंग इतने बलशाली है कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी तनवीर अहमद अपनी जमीन पर निर्माण नहीं करने पा रहे हैं जमीनी मामले में हिस्सा वसूली के चलते माननीय कहे जाने वाले लोगों द्वारा दबंगों को संरक्षण दिया जा रहा है जिससे आम जनता पीड़ित परेशान दिखाई पड़रही है जमीन पर कब्जे की नियत से तनवीर अहमद और उनके परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज कर धमकी दी जा रही है और हत्या करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे तनवीर अहमद और उनके परिवार के लोग भयभीत है दबंगई करने वाले लोगों के प्रभाव के चलते चरवा थाना और सैय्यद सरावां चौकी पुलिस में तनवीर अहमद की सुनवाई नहीं हो रही है जिस पर तस्वीर अहमद ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर 24 फरवरी को एसपी को मामले की जानकारी देकर दबंगई करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। शिकायती पत्र देते हुए पुलिस अधीक्षक को तनवीर अहमद ने बताया कि उनकी जमीन पर जबरिया कब्जा करने का प्रयास करने वाले ऐनुल इस्लाम फकरुल इस्लाम अफरीदी इस्लाम कादिर इस्लाम आदि बेवजह जमीन पर अपना कब्जा बता रहे हैं और उसके बदले में गुंडा टैक्स की डिमांड कर रहे हैं जब उन्हें गुंडा टैक्स नहीं दिया गया तो तनवीर अहमद की जमीन में जबरिया बोर्ड लगा दिया है दबंग दहशत और भय का माहौल कायम कर रहे हैं जबकि दबंग का इस जमीन के अभिलेखों में कही नाम नहीं दर्ज है लेकिन जमीन में मौके पर बोर्ड लगाकर वह आतंक कायम कर वास्तविक मालिक को परेशान करने पर उतारू है।

संतो के सम्मान पर आंच बर्दाश्त नहीं : गौरव पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। मंझनपुर स्थित जिलाधिकारी मुख्यालय पर बुधवार को कांग्रेसियों ने शंख और मंत्रो के उदघोष के साथ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा इस दौरान जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से बौखलाई हुई है जिस प्रकार से हमारे संतों का अपमान किया जा रहा है वो बर्दाश्त के योग्य नहीं है शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के खिलाफ साजिश रच कर उनके खिलाफ पास्को जैसे घिनौने मुकदमे में फंसा कर उनकी छवि को धूमिल कर रही है ! भाजपा सरकार सनातनी होने का ढोंग करती है ये सनातन धर्म का अपमान

करती है प्रयागराज में पास्को एक्ट की मुकदमे की जांच को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद ने सवाल उठाए मंगलवार को उन्होंने एक तस्वीर जारी कर प्रयागराज के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर अजय पाल शर्मा और वादी आशुतोष ब्रह्मचारी के बीच नजदीकियों के आरोप आरोप लगाएं हैं इसके बाद आर्चाय भूपेंद्र शुक्ला रोनू महाराज ने कहा कि भाजपा सरकार केवल धर्म का आड़ लेकर संतो के साथ दुर्व्यवहार करती है उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री स्वयं योगी है उसके बाद भी हमारे शंकराचार्यों के साथ इस तरीके का कृत्य करती है यह दुखद और निंदनीय है। इसके बाद रोहित पण्डित जी ने कहा कि इस भाजपा सरकार को सत्ता का अहंकार आ गया है और जब जब अहंकार आता है उस चीज का विनाश तय हो जाता है यही आज हो रहा है भाजपा सरकार हमारे पूज्य संतों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है जो कत्तई बर्दाश्त के योग्य नहीं है 2027 में जनता में इन्हें खुद जवाब देगी!कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आचार्य वेद प्रकाश मिश्रा,पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,आशीष मिश्रा पप्पू,दीपक पाण्डेय बाबू जी ,मनोज सिंह पटेल,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,श्याम सिंह भदौरिया, संतोष शुक्ला, आसिफ अल्वी,शशि मिश्रा,कप्तान द्विवेदी, ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव, ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल,नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,मनोज शुक्ला,कल्लू पाण्डेय, शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनोद पाण्डेय,विधि विभाग के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र द्विवेदी, शैलेन्द्र उपाध्याय, रंजीत वर्मा,कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत, जयप्रकाश जायसवाल, ब्लाक अध्यक्ष सिराथू रामप्रकाश पंडा,रमेश यादव, घनश्याम कुशवाहा,करन सिंह कुशवाहा, आयुष यादव,अनुज कुमार पासी, राजकुमार यादव, मल्हू यादव, रामाकृत पासी,कमल सिंह पटेल बलजीत कुमार सरोज, असरफी लाल शान्ति देवी,रूपा देवी, निराशा देवी हेमा देवी,रमेश चंद्र केशरवानी,सुरेंद्र सरोज रावेंद्र कुमार,बैजनाथ,नोखे लाल यादव सतनेश कुमारी,ओम प्रकाश पंडा बिफई लाल छोटेलाल रैदास,पवन कुमार नन्द लाल गौतम,रजनीश कुमार जाटव शुभम मिश्रा,शुभम तिवारी सहित सैकड़ों लोगों की मौजूदगी रही।

ट्रक से भिड़ा डीसीएम चालक उपचार के दौरान मौत

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहंदा मोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आगे जा रहे ट्रक से अनियंत्रित होकर एक डीसीएम चालक भिड़ गया जिससे डीसीएम चालक केबिन में चिपक कर रह गया।दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची सैनी कोतवाली पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद डी सी एम चालक को केबिन से बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया है गंभीर रूप से घायल डी सी एम चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई है।खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

नाबालिग बालिका से विवाह करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र से 06 08 2025 को 14 वर्षीय बालिका का बाल विवाह अलीगढ़ निवासी सत्येन्द्र जिसकी उम्र 35 वर्ष के साथ उसके भाई भाभी ने कर दिया है तथा उससे लाखों रूपये ले लिये करारी थाना पर मु0अ0सं0 260/25 धारा 137(2)/127(2)/143(1)/3(5) बीएनएस व 9/11 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत हुआ घटना से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुये जेल भेजा जा चुका हैं। उपरोक्त क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सत्येन्द्र पुत्र बनवारी निवासी मोहोकमपुर थाना इगलास जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

गम्भीर चोट पहुचाने वाले 02 वांछित अभियुक्तों को संदीपनघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। संदीपनघाट थाना क्षेत्र में 21फरवरी की शाम को संजय कुमार पुत्र फूलचन्द्र सरोज निवासी सिकन्दरपुर बजहां थाना संदीपनघाट को अभियुक्तगण द्वारा दुकान पर से जबरन सन्नाटे वाले क्षेत्र की तरफ खीच ले जाकर गाली गलौज करते हुये मारा पीटा गया तथा दाहिने आंख में पेचकस घुसा दिया गया जिससे एक आंख खराब हो गयी व जान से मारने की धमकी भी दी गयी संदीपनघाट थाना पर मु0अ0सं0 45/26 धारा 115(2)/352/351(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 25.02.2026 को थाना संदीपनघाट पुलिस ने विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्तों पंकज पुत्र रमेश चन्द्र वा रमेशचन्द्र पुत्र वासुदेव निवासीगण सिकन्दरपुर बजहा थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा हैं।

हाइवे में भिड़े वाहन,बाल बाल बचे कार सवार

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा हाइवे में ट्रक के ब्रेक मारने से पीछे जा रहे वाहन भिड़ गए इस हादसे में कार सवार बाल बाल बच गए।घटनाक्रम के मुताबिक भूपेंद्र पुत्र नत्थू निवासी अलीगढ़ पिकअप वाहन में गुजरात से शराब लोडकर कौशाम्बी जा रहा था ज्योंहि अझुवा कस्बे हनुमान मंदिर के सामने पहुंचा आगे जा रहा अज्ञात ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे लगे पिकप चालक ने भी ब्रेक लिया इसी दौरान पीछे आया कार चालक पिकप वाहन से भिड़ गया जिससे कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया हलांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकप वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई थी।

बोलोरो गाड़ी में लगाई आग जलकर खाक

अखंड भारत संदेश

महेवाघाट कौशाम्बी। महेवाघाट थाना क्षेत्र में देर रात एक बोलेरो गाड़ी में आग लगा दी गई है इस अग्निकांड में बोलोरो गाड़ी जलकर खाक हो गई है पास में बने मकान का एक कमरा भी चपेट में आ गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी है,पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।महेवाघाट थाना क्षेत्र के गरौली गांव निवासी ग्राम प्रधान धीर सिंह यादव के भाई और बोलेरो चालक उमेश यादव रोज़ की तरह बुकिंग से लौटकर अपनी गाड़ी सड़क किनारे बने मकान के पास खड़ी कर उसी में सो गए देर रात बदमाशों ने बोलेरो के चारों ओर पुआल लगाकर आग लगा दी।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।आग की तेज लपटों से आसपास अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बोलेरो के साथ ही सड़क किनारे बना मकान भी आग की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने शोर मचाया और आग बुझाने की कोशिश शुरू की इस घटना में बोलेरो जलकर खाक हो गई है आरोप है कि बोलोरो गाड़ी में सो रहे चालक को कथित रूप से जिंदा जलाने की कोशिश की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने की फरियादियों के शिकायतों की ऑनलाइन समीक्षा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की समस्याओं के संबंध में संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों से ऑनलाइन संवाद स्थापित किया गया।इस दौरान अलग-अलग थानों में आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं की जानकारी सीधे ली गई और प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।उन्होंने यह भी कहा कि थानों पर आने वाले फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण एवं नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया गया।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ.प्र. दिनेश प्रताप सिंह दिनांक 26.02.2026 को अपरान्ह 02 बजे मां शीतला अतिथि गृह,सयारा पहुंचकर कोर कमेटी जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक करेंगे राज्यमंत्री अपरान्ह 15:30 बजे से 16:30 बजे तक जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के साथ विकास कार्यों एवं विभिन्न कार्यों/कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक करेंगे। तत्पश्चात 16:30 बजे रायबरेली के लिए प्रस्थान करेंगे।

एएसपी ने किया विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। दुर्गा भाभी सभागार स्थित पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अंतर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान जिले में बालकों से संबंधित प्रकरणों,लंबित मामलों,संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान,तथा उनके पुनर्वास से जुड़ी कार्यवाहियों की विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विशेष किशोर पुलिस इकाई का उद्देश्य कानून से संघर्षरत बालकों एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति संवेदनशील,मानवीय और सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाना है। बैठक में सभी थाना प्रभारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को समन्वय बनाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में बाल सुरक्षा एवं पुनर्वास से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई और नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया गया।

तीन दिनों से लापता व्यापारी का ट्रेन से कटा हुआ मिला शव

अखंड भारत संदेश

भरवारी। कौशांबी कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के नया बाजार मोहल्ला निवासी व्यापारी संजय कुमार उम्र 28 वर्ष पुत्र राजेश कुमार केशरवानी तीन दिन पहले अचानक लापता हो गए थे मामले की शिकायत फैक्स ट्विटर एक्स के माध्यम से मुख्यमंत्री तक उनके परिवार के लोगों ने की थी जब मुख्यमंत्री कार्यालय ने मामले को संज्ञान लिया तो हरकत में आई पुलिस ने बुधवार को व्यापारी का कोखराज थाना क्षेत्र के रोही पुल के नीचे ट्रेन से कटी हुई लाश बरामद कर ली है लाश मिलते ही

परिवार में कोहराम मच गया है व्यापारी के मौत के मामले में परिवार के लोग कुछ बोलने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आसपास के लोगों की बातों को माने तो पति-पत्नी के विवाद का मामला है जिसके चलते वह घर से गायब हो गया था।

क्षेत्राधिकारी ने पुलिस बल के साथ थाना पश्चिम शरीरा क्षेत्र में किया एरिया डोमिनेशन

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। आगामी पर्व होली व रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्षेत्राधिकारी द्वारा पुलिस बल के साथ थाना पश्चिम शरीरा क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं संवेदनशील स्थलों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित कर त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई।आमजन से अनुरोध किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक/आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें।जनपद पुलिस द्वारा त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर गश्त एवं एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही जारी रहेगी।

छात्र शक्ति इन्फ्रा लिमिटेड के ठिकानों पर ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी से कारोबारियों में हड़कंप

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। सड़क निर्माण में लगी कंपनियों के ठिकानों पर अचानक प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापा मार दिया है जिससे अन्य ठेकेदारों के कार्यालय में हड़कंप मच गया है प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छात्र शक्ति इन्फ्रा लिमिटेड के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई शुरू की।सूत्रों के मुताबिक,टीम ने पहचान छिपाने के लिए शादी के पंपलेट लगी लग्जरी गाड़ियों से सराय अकिल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर स्थित छात्र शक्ति इन्फ्रा लिमिटेड के ठिकानों ऑफिस और प्लांट पर पहुंची सुबह से आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों में पहुंचे अधिकारियों ने परिसर को सुरक्षा बलों के साथ घेर लिया।कार्रवाई के दौरान ऑफिस के अंदर और बाहर आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। कड़े पहरे के बीच दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। बताया जा रहा है कि करोड़ों रुपये के लेन-देन से जुड़े कागजातों की जांच की जा रही है।ईडी की इस कार्रवाई से इलाके के बड़े कारोबारियों में खलबली मच गई है। देर शाम तक छापेमारी जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल अधिकारी मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं और आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है।

सम्पादकीय

विरोध करना अपराध नहीं है

नयी दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट में युवा कांग्रेस के कार्यकताओं के शर्ट उतार कर प्रदर्शन करने से भाजपा ने देश में ऐसा सियासी बवाल खड़ा किया मानो लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन करना कोई बड़ा गुनाह है। अब इस बात को देखकर हैरानी भी नहीं होती कि भाजपा के साथ-साथ कई स्वयंभू बड़े पत्रकारों ने भी इस प्रदर्शन पर कांग्रेस को नसीहतें देना शुरू कर दिया कि विरोध का ये कोई तरीका नहीं होता। इन पत्रकारों ने शायद अब आईने में अपना चेहरा देखना ही बंद कर दिया है, क्योंकि देखेंगे तो असलियत दिखाई पड़ेगी कि मोदी सरकार के 12 बरसों में एक से बढ़कर एक गलत फैसले पूरी तरह सोच-समझ कर लिए गए, जिनसे आम जनता की जान पर बन आई, लेकिन तब इनके मुंह से ये नहीं निकला कि सत्ता चलाने का ये कोई तरीका नहीं है। नोटबंदी, लॉकडाउन, सांसदों का निलंबन ऐसे बड़े मामले तो छोड़ ही दीजिए, जनता के टैक्स पर प्रधानमंत्री के मन की बात को तमाम भाजपाई मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक बड़ी स्क्रीन लगाकर सुनते हैं, या प्रधानमंत्री ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के लिए जितना तामझाम करते हैं, उस पर क्या पत्रकारों ने लगातार सवाल उठाए। अगर पत्रकार ईमानदारी से रोजाना सरकार को गलत बात पर टोकते रहे, उससे जुड़े कार्यक्रम करते रहें, तो मजाल है कि कोई सरकार इतनी मनमानी करे, जितनी मोदी सरकार करती है। लेकिन 2014 के बाद एक अलग ही चलन बन गया है कि सारी जिम्मेदारी विपक्ष पर डाल दी जाती है, सवाल भी विपक्ष से ही होते हैं। पिछले कार्यकाल में अधीर रंजन चौधरी नेता प्रतिपक्ष थे, तो उनसे उतने सवाल नहीं होते थे, वो कब संसद में आए या संसद सत्र के दौरान कहां रहे।

भारत का एआई नेतृत्व तकनीक एवं मानवीय मूल्यों का संगम बने

– ललित गर्ग–

दिल्ली इन दिनों केवल भारत की राजनीतिक राजधानी भर नहीं, बल्कि उभरती तकनीकी चेतना का वैश्विक केंद्र बनी हुई है। ह्यइंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026ह्न ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब प्रयोगशालाओं या कॉरपोरेट दफ्तरों तक सीमित तकनीक नहीं रही, बल्कि वह विकास की नई परिभाषा गढ़ने की दिशा में अग्रसर है। दुनिया के विभिन्न देशों, तकनीकी कंपनियों, शोध संस्थानों और नीति-निमार्ताओं की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को वैश्विक विमर्श का मंच बना दिया है। यह आयोजन इस तथ्य का उद्घोष है कि भारत केवल उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि एआई युग का नेतृत्वकर्ता बनने की तैयारी में है। आज विश्व जिस तकनीकी संक्रमण से गुजर रहा है, उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास-हर क्षेत्र में एआई समाधान की नई संभावनाएँ खोल रहा है। ऐसे समय में भारत का दृष्टिकोण केवल तकनीकी उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि वह इसे मानव-केंद्रित विकास के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य मानवता की सेवा होना चाहिए, न कि केवल लाभ और वर्चस्व की दौड़। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झूठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा। यह सवाल उठाया जा रहा है कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी

की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति क्यों दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहाँ स्वास्थ्य संसाधनों का असमान वितरण है, वहाँ एआई आधारित समाधान दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सेवाएँ पहुँचाने में सहायक हो सकते हैं। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मौसम पूवार्नुमान, मृदा विश्लेषण, फसल प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन में एआई किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने का माध्यम बन सकता है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी आज मानवता के सामने विकराल रूप में उपस्थित है। चरम मौसम की घटनाएँ, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन विकास की गति को प्रभावित कर रहे हैं। एआई आधारित मॉडलिंग और डेटा विश्लेषण से प्राकृतिक आपदाओं का पूवार्नुमान, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और टिकाऊ नीतियों का निर्माण संभव है।

यदि भारत इन क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करता है तो वह वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। शासन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी एआई पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने का माध्यम बन सकता है। सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार पर अंकुश, नीति निर्माण में डेटा-आधारित निर्णय और वित्तीय समावेशन के विस्तार में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हम करें तो लंगोट ढीला आप करो तो रासलीला!

– शकील अख्तर

विरोध प्रदर्शन में युवाओं के आक्रोश को पहले पुलिस अदालतें और सरकारें सब समझते थे। आज की तरह मुद्दा नहीं बनाया जाता था। उल्टा पीठ थपथपा कर कहा जाता जाओ नेता बनोगे। बीजेपी के और उन दिनों समाजवादी और कम्युनिस्ट बहुत प्रदर्शन करते थे बताएं कि उन दिनों कैसा व्यवहार किया जाता था? विरोध का अधिकार संविधान ने दिया है। मौलिक अधिकारों में आता है।

क्या दिन ले आए? उस भाषा और मुहावरों को याद करना पड़ रहा है जो कभी अच्छे नहीं लगे। मगर इन्हें अच्छे भी वही लगते थे और समझ में भी वही आते हैं।

अमर सिंह कहते थे हम करें तो लंगोट ढीला और आप करें तो रासलीला! मुंबई में 26/11 के हमले के समय जब सुरक्षा बल और सरकार आतंकवादियों से लड़ रही थे। वास्तविक रूप से आमने-सामने। तब मोदी प्रेस कान्फ्रेंस करके सरकार पर आरोप लगा रहे थे। और देश एवं सुरक्षा बलों का ध्यान भटका रहे थे।

वह राष्ट्रीय सुरक्षा का भी सवाल था और अन्तरराष्ट्रीय भी। ऐसे कई उदाहरण हैं। मगर अभी कांग्रेस के नहीं उसके यूथ मोर्चे के एक प्रदर्शन को लेकर भाजपा ही नहीं विपक्ष के दूसरे दल भी और गोदी मीडिया एवं भक्त तो थे ही कांग्रेस और राहुल पर हमलावर हो गए। उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय के शिक्षक सब्बरवाल की हत्या विद्यार्थी परिषद के नेताओं ने पीट-पीट कर कर दी थी। पूरी भाजपा की राज्य सरकार हत्यारों के साथ खड़ी हो गई थी। किसी को सजा नहीं हुई। अदालत से सब बरी हो गए। परिवार वाले रोते रहे। यूथ कांग्रेस ने केवल प्रदर्शन किया था और उसके सदस्यों पर गिरफ्तारी के साथ गैर जमानती धाराओं में केस दर्ज किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी से लेकर अभी निवर्तमान हुए

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा कहते हैं कि कांग्रेस को विपक्ष की भूमिका कैसे निभाना चाहिए यह हम सिखा सकते हैं! क्या सिखाएंगे के देश का प्रधानमंत्री जब अमेरिका में अन्तरराष्ट्रीय नेताओं से बात कर रहा हो पाकिस्तान के आतंकवादी हमलों के बारे में उन्हें बता रहा हो तो आप भारत में उसी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को कोट करके कहेंगे कि भारत का प्रधानमंत्री देहाती औरतों की तरह बात करता है! मनमोहन सिंह के लिए कहा था यह मोदी ने। और किसका हवाला देकर? कहा था नवाज शरीफ अमेरिका के राष्ट्रपति से यह कह रहे हैं।

यह दो नहीं तीन मामले थे। अन्तरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की प्रतिष्ठा का भी। और भारतीय प्रधानमंत्री का सम्मान कैसे किया जाता है इसका एक उदाहरण। अभी नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भारत का कोई प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर सकता है।

राहुल ने भारतीय प्रधानमंत्री पद की पूरी गरिमा रखते हुए कहा था कि अगर व्यक्तिगत रूप से किसी का कोई मुद्दा न हो तो अमेरिका के साथ ऐसी डील कोई भारतीय प्रधानमंत्री नहीं करेगा। प्रधानमंत्री पद की लाज रखी और मोदी के व्यक्तिगत रूप से कम्प्रोमाइजड होने पर सवाल किया।

विपक्ष के रूप में यह भारीपन संयम और देश के सम्मान का ख्याल रखना क्या गलत है? जो कांग्रेस को विपक्ष में क्या करना है यह सिखाना चाहते हैं। जब यह इतने पढ़े-लिखे और दुनिया भर में अपनी विद्वता के लिए सम्मानित प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के लिए देहाती औरत, चुगली करने वाली बोलते हैं तो इनके लिए जिनकी डिग्री पर ही सवाल है के लिए अगर इन्हीं जैसा विपक्ष होता तो क्या बोलता? खुद ही सोच लेना चाहिए और गोदी मीडिया, भक्तों को भी। इसीलिए अमर सिंह के इस तकिया कलाम की याद आई- हम करें तो लंगोट ढीला और आप करें तो रासलीला। जब देश का माहौल सभ्य बनाया जाता है तो पढ़े-लिखे लोगों के कोट (उद्धरण) याद आते हैं। लेकिन आज के समय में उसे समझेगा कौन? हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का नाम जब तुक मिलाने के लिए हार्ड वर्क के साथ लिया जाता हो तब आप समझ सकते हैं कि देश की सोच समझ को किस तरह गलत मुहावरों भाषाई जाल में जकड़ा जा रहा है। किसी भी देश समाज को अंदर से खोखला करने के लिए जो एक तत्व सबसे ज्यादा जिम्मेदार होता है वह है दोहरा चरित्र। दो पैमाने। आप के लिए कुछ अपने लिए कुछ। पाखंड। हिप्पोक्रेसी। यह अन्तरविरोध, सेल्फ कंट्राडिक्शन व्यक्ति को ही नहीं, समाज और देश को भी मार देते हैं। खुद को अलग पैमानों पर खड़ा समझता है। और बाकियों को खुद के ही निर्धारित दूसरे पैमानों पर नीचे खड़ा देखने लगता है। काल्पनिक शक्ति, दंभ के नशे में। वही हाल है। मुद्दा था अमेरिका के साथ इकतरफा डील का। जो रोज अमेरिका की तरफ से ही बताई जाती है। उसी की शर्तें होती है। मगर तुमने उसका विरोध इस तरह से क्यों कर दिया? क्या पहले इस तरह के विरोध नहीं हुए थे? तब हुए थे जब कोई मुद्दा ही नहीं था। केवल विरोध करने के लिए विरोध हुए थे। आज तो मुद्दे से कोई इनकार नहीं कर रहा।

मगर जब कामनवेल्थ गेम के समय विरोध किया गया था तब क्या वह जिला स्तरीय खेल थे। अन्तरराष्ट्रीय नहीं? भाजपा ने केवल सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन ही नहीं किए थे। उसके सहारे एक नकली आंदोलन की शुरूआत करके प्रधानमंत्री बनने वाले मोदी ने अभी दो साल पहले जी 20 जो मोदी के प्रधानमंत्री होने के नाते हमारे यहां आयोजित नहीं हुआ था क्रमवार हर देश में होता रहता है उस समय क्या कहा था? कहा था कामलवेल्थ गेम में देश की बदनामी हुई थी। विरोध करके बदनामी तो आपने करवाई थी। 2010। क्या क्या आरोप लगाए थे। 16 साल हो रहे हैं। इनमें 12 साल आपकी सरकार को। क्या हुआ? घोटाले के कोई सबूत नहीं मिले। कोर्ट ने क्लीन चिट दे दी। फिर आपके उसके खिलाफ प्रदर्शन और अभी जी 20 के अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान खुद अपने देश के कामनवेल्थ को लेकर झूठी बदनामी करने क्योंकि उसमें खुद आपकी सरकार कुछ नहीं ढूंढ पाई को क्या कहेंगे?

बांग्लादेश के साथ रिश्ते सुधारने के संकेत

– नित्य चक्रवर्ती

भारतीय विदेश मंत्रालय में अनुभवी राजनयिक हैं। इसलिए यह देखकर अच्छा लगा कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मंगलवार को ही तारिक रहमान के शपथ ग्रहण के दिन जमात नेता शफीकुर रहमान से बहुत चुपचाप मुलाकात की। यह सबसे अहम मीटिंग थी क्योंकि भारत के विदेश सचिव उस आदमी को जानते थे जो भारत-बांग्लादेश रिश्तों का रास्ता तय करने में असली शक्ति का इस्तेमाल करेगा और इसलिए उसे लाड़-प्यार करना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान को व्यक्तिगत संदेश भेजकर सही कदम उठाया है, जिसमें उन्होंने कहा कि 'आपकी जीत बांग्लादेश के लोगों के आपके नेतृत्व पर दिखाए गए भरोसे और विश्वास का सुबूत है और देश को शांति, स्थिरता और खुशहाली के रास्ते पर आगे ले जाने के आपकी दृष्टि के लिए उनका जनादेश है।' यह जनादेश की वैधता और दोनों देशों के बीच आपसी रिश्तों को बेहतर बनाने में बीएनपी की अगुवाई वाली सरकार के नए प्रधान मंत्री की भूमिका पर बांग्लादेशियों के भरोसे का एक तरह से समर्थन है। यह साफ है कि इस समय, भारत सरकार के पास नई बीएनपी सरकार के साथ पूरी तरह से आगे बढ़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है और प्रधानमंत्री रहमान सबसे अच्छा दांव हैं। लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि अभी

तारिक रहमान के पास शेख हसीना को भारत से ढाका वापस भेजने के मुद्दे को न्यायाधिकरण और फिर अदलत के आदेश के मुताबिक, और चुनाव प्रचार के दौरान बीएनपी के वादे के मुताबिक, जोर-शोर से उठाने के अलावा कोई चारा नहीं है। बीएनपी के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात बहुत जोश में भरी जमात-ए-इस्लामी है, जो दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है और उसके गठबंधन में 77 सीटें हैं और जो प्रधानमंत्री तारिक के भारत के पक्ष में उठाए गए हर कदम का इस्तेमाल यह प्रचार करने के लिए करेगी कि तारिक हसीना के रास्ते पर जा रहे हैं। भारत उन्हें बांग्लादेश के हितों के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा है। इसलिए तारिक के हाथ बंधे हुए हैं। अगर वह भारत के प्रति दोस्ताना रवैया भी चाहते हैं, तो उन्हें अपनी बांग्लादेश वफादारी की परीक्षा पास करनी होगी क्योंकि जमात वहां की संसद और बाहर सड़कों पर, दोनों जगह उनकी गर्दन पर सवार है, जो बांग्लादेश की राजनीति में सरकारों की किस्मत तय करती है। चुनावी कवरेज

भारतीय विदेश मंत्रालय में अनुभवी राजनयिक हैं। इसलिए यह देखकर अच्छा लगा कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मंगलवार को ही तारिक रहमान के शपथ ग्रहण के दिन जमात नेता शफीकुर रहमान से बहुत चुपचाप मुलाकात की। यह सबसे अहम मीटिंग थी क्योंकि भारत के विदेश सचिव उस आदमी को जानते थे जो भारत-बांग्लादेश रिश्तों का रास्ता तय करने में असली शक्ति का इस्तेमाल करेगा और इसलिए उसे लाड़-प्यार करना होगा। यह पता नहीं है कि जमात नेता ने क्या प्रतिक्रिया दी, लेकिन भारत के अधिकारियों के लिए, जमात के साथ यह बातचीत राजनयिक प्रक्रिया का हिस्सा होनी चाहिए अगर भारत सच में द्विपक्षीय रिश्तों में जल्दी सुधार चाहता है।

आखिर बांग्लादेश से लगी भारतीय सीमा पर सुरक्षा बनाए रखने के लिए जमात की भूमिका का इतना महत्व क्यों है? यह इस बात में अन्तर्निहित है ।

परीक्षा देकर लौट रहे भाई बहन सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

अखंड भारत संदेश

भदोही । भाई को हालत चिंताजनक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। गोपीगंज। जनपद भदोही के मिश्री गड़ौरा निवासी निवासी रमाकांत की पुत्री किरण अपने भाई आकाश के साथ छोटेलाल इंटर कालेज भीटी से परीक्षा देकर बाईक से वापस लौट रही थी कि अचानक सूफीनगर के पास राजमार्ग पर सड़क क्रास कर रहे आदमी को बचाने के प्रयास में सामने से आ रहे बाईक सवार से आमने सामने से जोरदार टक्टर हो गई। जिससे दोनों भाई बहन गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर

गिर गए। जिन्हें स्थानीय नागरिकों ने तत्काल एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया जहां हालत चिंताजनक होने पर भाई आकाश को जिला अस्पताल ज्ञानपुर को रेफर किया गया। परिजनों को सूचित किया गया। अस्पताल में परिजन पहुंच गए थे।

चकबन्दी प्रक्रियान्तर्गत 03 ग्रामों- कोल्हुआ पाण्डेयपुर, सराय क्षत्रशाह, बेरासपुर उपरवार में हुआ सफल ग्राम चौपाल

अखंड भारत संदेश

भदोही । चकबंदी आयुक्त, उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जनपद भदोही के चकबंदी प्रक्रियान्तर्गत ग्रामों में ह्यग्राम चौपालह्न का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कृषकों की समस्याओं का त्वरित समाधान, चकबंदी कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा योजना को पारदर्शिता के साथ पूर्ण करना है।

उल्लेखनीय है कि आयोजित ग्राम चौपालों में कृषकों से प्रत्यक्ष फीडबैक लिया गया, जिससे

चकबंदी कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिली। ग्राम चौपाल के माध्यम से न केवल खातेदारों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया, बल्कि भूमि विवादों का भी मौके पर समाधान किया गया, जिससे कृषकों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से राहत मिली तथा चकबंदी योजना के प्रति उनका विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ। इसके परिणामस्वरूप चकबंदी प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जनपद के नवप्रसारित 03 ग्रामों में 25 फरवरी को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें तहसील भदोही के ग्राम कोल्हुआ पाण्डेयपुर एवं सराय क्षत्रशाह तथा तहसील ज्ञानपुर के ग्राम बेरासपुर उपरवार सम्मिलित हैं। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार उप संचालक चकबंदी, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एवं चकबंदी अधिकारी द्वारा अपनी-अपनी इकाइयों के समस्त ग्रामों में व्यापक प्रचार-प्रसार के उपरांत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

एल्डर्स कमेटी के सदस्य बने शिव मंगल शुक्ल

अखंड भारत संदेश

सुलतानपुर । अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं महासचिव दिनेश कुमार दूबे ने मंगलवार को बैठक में लिए गए निर्णय के उपरांत संगठन की नियमावली के अनुसार बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिव मंगल शुक्ल को एल्डर्स कमेटी के सदस्य के रूप में नामित किए जाने की घोषणा किया। इस दौरान बार अध्यक्ष ने एल्डर्स कमेटी के नव नामित सदस्य शिव मंगल शुक्ल को शुभकामना देते हुए उनसे अधिवक्ता हित में समुचित सहयोग की अपेक्षा जाहिर किया।

श्री शुक्ल ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की कमान देने पर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियो व सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया एवं अधिवक्ता हित में निरंतर रूप से काम करने का विश्वास दिलाया।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

भदोही । कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की विशेष बैठक जिलाधिकारी शैलेष कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

बैठक के प्रारम्भ में विगत त्रैमासिक बैठक अंतर्गत जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक दिनांक 27 नवम्बर 2025 में दिए गए निदेर्शों एवं उनके अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों, ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति का बिंदुवार परीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों को समय से ऋण उपलब्ध कराया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित अन्य सरकारी ऋण योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ऋण स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित किया जाए।

गाड़ी पर बम फेंकने के तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

सुल्तानपुर । बंधुआकला पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मझना ओवरब्रिज के पास से तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से दो देशी तमंचा .32 बोर,दो जिंदा कारतूस तथा एक देशी तमंचा .315 बोर के साथ एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया।क्षेत्राधिकारी सौरभ सामंत ने बताया कि ग्राम बबुरी निवासी एक महिला की तहरीर पर जान से मारने की नीयत से बम फेंकने और धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया

था। इसी प्रकरण में वांछित चल रहे आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपियों में प्रभाकर मिश्रा उर्फ अमन,आशीष पाण्डेय और प्रिंशु मिश्रा निवासी थाना बंधुआकला क्षेत्र शामिल हैं।थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ हत्या,हत्या के प्रयास, लूट व आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

कोतवाली कादीपुर में 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

सुलतानपुर।उत्तर प्रदेश पुलिस के अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली कादीपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। 25-25 हजार रुपये के दो इनामी वांछित अभियुक्तों को मंगलवार तड़के जलालपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देश पर वांछित व संदिग्ध अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी कादीपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। उ0नि0 आनंद वाजपेयी मय पुलिस टीम ने

सुबह करीब 3:30 बजे दोनों आरोपितों को दबोच लिया।गिरफ्तार अभियुक्त

शिवम सिंह उर्फ बगदादी (28) पुत्र इन्द्रप्रताप सिंह, निवासी सरायकल्याण, थाना कादीपुर

छट्ठू गुप्ता उर्फ कृष्ण कुमार (28) पुत्र दूधनाथ, निवासी सरायकल्याण, थाना कादीपुर

दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कादीपुर में मु0अ0सं0 83/26 धारा 115(2), 352, 351(3), 109 बीएनएस व 3(1)(द)(ध) एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो लोहे की छड़ भी बरामद कर सील कर दी है।

निजीकरण की आंधी में रोडवेज कर्मियों की हुंकार, 12 सूत्रीय मांगों पर निर्णायक संग्राम

- निगम हित बनाम निजीकरण बहस तेज
- सरकार से आर-पार के मूड में कर्मचारी संघ

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ, जो भारतीय मजदूर संघ एवं भारतीय परिवहन मजदूर महासंघ से सम्बद्ध प्रदेश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है, 25 फरवरी को जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और केंद्रीय श्रम मंत्री को ज्ञापन सौंपकर आर-पार की लड़ाई का संकेत देने जा रहा है। संघ का आरोप है कि एक ओर सरकार से परिवहन निगम को भारी बजट और नई बसों की सौगात मिली, वहीं दूसरी ओर 19 कार्यशालाओं को निजी हाथों में सौंपने का निर्णय करोड़ों के घाटे और कर्मचारी हितों पर कुठाराघात साबित हो रहा है। कानपुर स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया एवं केन्द्रीय कार्यशाला जैसी एशिया की सबसे बड़ी इकाइयों को पूर्ण क्षमता से संचालित करने की मांग तेज हो गई है। संघ ने याद दिलाया कि 5 जुलाई 2025 को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश कुमार पाठक और परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह की मौजूदगी में 12 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी थी, पर नौ माह बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नियमितीकरण, संविदा कर्मियों को ईपीएफ-ईएसआई, 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से, बोनस, छठे-सातवें वेतनमान का एरियर, कैशलेस चिकित्सा और रिक्त पदों पर भर्ती जैसी मांगें आज भी अधर में हैं। संघ का कहना है कि यदि समावेशी सरकार की नीति पर अमल नहीं हुआ तो आंदोलन तेज होगा। अब निगाहें सरकार पर हैं- क्या संवाद से समाधान निकलेगा या संघर्ष की राह और तीखी होगी?

राष्ट्रीय सेवा योजना केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों की पाठशाला- कुलपति प्रो शिशिर

चित्रकूट। राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में सेवा, संस्कार और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां वैदिक युग की भावना एक साथ चलो, एक साथ बैठो, एक साथ मिलकर कार्य करो साकार होती नजर आई। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों की पाठशाला है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि घर-आंगन में वृक्षारोपण ही ऑक्सीजन संतुलन और हरियाली का आधार है। उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुशवाहा बस्ती में आयोजित शिविर की सराहना करते हुए उन्होंने विद्यालय परिवार को बधाई दी। अध्यक्षता कर रहे पूज्य कुलाधिपति के निजी सचिव आरपी मिश्रा ने -मैं नहीं, आप- को एनएसएस का मूल मंत्र बताते हुए युवाओं को सेवा और सहयोग की प्रेरणा दी। कार्यक्रम समन्वयक डॉ आनंद कुमार, कार्यक्रम अधिकारी एसपी मिश्रा, डॉ संजय कुमार नायक, श्रीमती भविष्या माथुर सहित सभी अधिकारियों ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। विकास भारती एमसीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने डिजिटल युग में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की चेतावनी दी। अंत में 101 पौधों का वितरण, वृक्षारोपण संकल्प और पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंच संचालन आस्था चतुर्वेदी व आभार प्रदर्शन रीतेश यादव ने किया।

भुजौलीमाफी से कुचारम तक चौपाल में खुली फाइलें, मौके पर सुधरी त्रुटियां

चित्रकूट। चकबन्दी आयुक्त उप्र लखनऊ व जिलाधिकारी चित्रकूट के निर्देशन में 25 फरवरी को राजापुर तहसील के ग्राम भुजौली माफी व कुचारम में पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल प्रशासनिक सक्रियता का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी चित्रकूट की अध्यक्षता में हुई बैठक में सहायक चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दीकर्ता, लेखपाल, ग्राम प्रधान, समिति सदस्य और बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। भुजौलीमाफी में श्रीमती रामा देवी व आनन्द कुमार द्वारा चक आपत्ति प्रस्तुत की गई, जिस पर गंभीरता से सुनवाई हुई। ग्रामीणों ने खेल मैदान, स्कूल व बारात घर को आबादी और मुख्य मार्ग के पास सुरक्षित करने की मांग उठाई। अधिकारियों ने ग्राम सभा से प्रस्ताव लेकर यथासंभव चकमार्ग देने के निर्देश दिए। इसी दौरान रामकेश के अभिलेख में रकबे की लिपिकीय त्रुटि उजागर हुई, जिसे मौके पर ही दुरुस्त करा पारदर्शिता का संदेश दिया गया। कुचारम में रामरूप ने मालियत संबंधी आपत्ति के शीघ्र निस्तारण की मांग की, जिस पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

आरटीई लॉटरी में 160 नौनिहालों की किस्मत चमकी, 58 स्कूलों में मिला प्रवेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत सत्र 2026-27 हेतु जनपद चित्रकूट में संचालित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में प्रथम चरण की ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न कर ली गई है। कुल 211 ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद 28 आवेदन स्वतः निरस्त किए गए, जबकि शेष 183 अभ्यर्थियों की लॉटरी 16 फरवरी को खोली गई। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत 160 छात्र-छात्राओं को 58 विद्यालयों में प्रवेश आवंटित किया गया। अधिक नामांकन वाले विद्यालयों में चित्रकूट पब्लिक स्कूल में 10, किंगसन इंग्लिश मीडियम जूनियर हाईस्कूल में 13, रॉयल स्टार इंग्लिश पब्लिक स्कूल में 14 तथा सेठ रामनाथ रामकिशुन सरस्वती शिशु मंदिर में 9 बच्चों को प्रवेश मिला। जिलाधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण के आवेदन 21 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक तथा लॉटरी 9 मार्च को खोली जाएगी। तृतीय चरण के आवेदन 12 से 25 मार्च तक और लॉटरी 27 मार्च 2026 को संपन्न होगी।

स्वच्छता की पाठशाला से बदलेगी तस्वीर, रामनगर के 100 स्कूलों में स्वास्थ्य क्रांति

चित्रकूट। जनपद के आकांक्षी विकास खंड रामनगर में बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के तहत स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने की दिशा में ठोस पहल शुरू हो चुकी है। रेकिट इंडिया द्वारा संचालित इस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 विद्यालयों में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना है। विद्यार्थियों को व्यक्तिगत सफाई, स्कूल की स्वच्छता, घर की सफाई, आसपास के वातावरण की साफ-सफाई और बीमारी के दौरान विशेष देखभाल जैसे पाँच प्रमुख विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यालय में स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराई गई है तथा छात्रों को स्वच्छता किट वितरित की जा रही है, जिसमें साबुन और शैक्षिक सामग्री शामिल है। साथ ही शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को भी ओरिएंटेशन देकर स्वच्छता को दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर बल दिया गया। इस पहल के तहत वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक अमित शुक्ला ने जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग से मुलाकात कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी और इंपैक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की। यह अभियान न केवल बच्चों में स्वच्छ आदतों का विकास करेगा, बल्कि स्वस्थ और सशक्त भविष्य की मजबूत नींव भी रखेगा।

जल जीवन मिशन की तीन बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा, समयसीमा और गुणवत्ता पर जोर

चित्रकूट। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित बहुचर्चित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में विकास की रफ्तार और गुणवत्ता दोनों पर तीखी नजर डाली गई। जनपद में तीन विशाल पाइपलाइन परियोजनाएं युद्धस्तर पर संचालित हैंकृ213.59 करोड़ की लागत से सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत 77 राजस्व ग्राम, 959.75 करोड़ की चांदी बांगर ग्राम समूह योजना से 300 गांव तथा 303.32 करोड़ की रैपुरा ग्राम समूह योजना से 78 गांवों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जानी है। बैठक में प्रगति रिपोर्ट के साथ-साथ जमीनी बाधाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई, लेकिन पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की दुर्दशा पर ब्क्व् ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खोदी गई ग्राम सड़कों का मानकानुसार त्वरित रेस्टोरेशन कराया जाए तथा लोक निर्माण विभाग की अनुमति के बिना कार्य न हो।

फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर और टीपीआई को चेतावनी दी गई कि शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्रवाई तय है। उन्होंने दोहराया कि भारत सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण क्षेत्र के हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का संकल्प है, इसलिए गुणवत्ता और समयसीमा से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा।

काशी में रोशनी का संकल्प- दस प्राथमिक नेत्र जाँच केंद्रों का ऐतिहासिक शुभारंभ

चित्रकूट। परम पूज्य संत रणछोड़ दास द्वारा स्थापित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय ने नेत्र सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में संचालित स्वस्थ दृष्टि-समृद्ध काशी कार्यक्रम के तहत 10 प्राथमिक नेत्र जाँच केंद्रों एवं सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उद्घाटन सद्गुरु नेत्र जाँच केंद्र, हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय दुर्गाकुंड में हुआ, जहां सेवा फाउंडेशन के सहयोग से काशी क्षेत्र में स्थापित केंद्रों की शुरूआत की गई। एक केंद्र का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी डी के. सिंह, सेवा फाउंडेशन की प्रतिनिधि सुश्री श्रद्धा नितनावरे तथा सेंटर फॉर कम्युनिटी ऑप्थैल्मोलॉजी के प्रमुख सुबीश कुय्यादियिल ने संयुक्त रूप से किया, जबकि शेष नौ केंद्रों का वर्चुअल लोकार्पण मरीजों के करकमलों से किया गयाकृजो तकनीक और मानवीय सेवा के समन्वय का अनूठा उदाहरण बना। संस्थान के सीईओ डॉ. इलेश जैन ने इसे अंतिम व्यक्ति तक नेत्र ज्योति पहुँचाने का संकल्प बताया।

तेज रफ्तार का कहर- सात साल के रजनीश की सड़क पर दर्दनाक मौत

राजापुर/चित्रकूट। राजापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नादिन कुर्मियान गांव में मंगलवार शाम करीब चार बजे तेज रफ्तार का कहर एक मासूम की जिंदगी लील गया। सात वर्षीय रजनीश कुमार पुत्र सुशील कुमार, घर के बाहर निकला ही था कि शराब के नशे में धुत बताए जा रहे दो युवकों की बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आरोपी युवक भागने लगे, लेकिन परिजनों ने दौड़कर दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बुधवार दोपहर जिला मुख्यालय में पोस्टमार्टम कराया। पांच बहनों का इकलौता भाई रजनीश अब इस दुनिया में नहीं रहा, और गांव में मातम पसरा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसा, युवक की मौत दो भाई गंभीर घायल

चित्रकूट। जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे ने गढ़ीवा गांव के एक परिवार की खुशियां छीन लीं। करीब 12:30 बजे तीन सगे भाई मोटरसाइकिल से अपने गांव से कर्वी की ओर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि तीनों भाई सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने महेंद्र शिवहरे पुत्र संतोष को मृत घोषित कर दिया। उनके भाई विजेंद्र शिवहरे और ध्रुव पुत्र संतोष की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवक की असमय मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

एक दिन में 25 रोशनियाँ लौटीं, जिला अस्पताल में उम्मीद की नई किरण

चित्रकूट। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में संयुक्त जिला चिकित्सालय ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए एक ही दिन में 25 सफल ऑपरेशन कर नई मिसाल कायम की है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रमेश कुमार भारती एवं डॉ अरुण आर्या की टीम ने आधुनिक इन्फ्रा ऑक्यूलर लेंस (आईओएल) तकनीक के माध्यम से अधिकांश मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए, जबकि एक जटिल टेरिजियम ऑपरेशन भी दक्षता के साथ किया गया।

आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय का प्रेरक समारोह, 21 वरिष्ठों को मिला गौरव वंदन

- विरासत के वाहकों का सम्मान

चित्रकूट। नगर की सामाजिक संस्था आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय ने वर्ष 2006 से चली आ रही अपनी परंपरा का निर्वाह करते हुए स्मृति शेष बलदेव प्रसाद अग्रवाल के जन्मदिन पर 75 वर्ष की आयु पार कर चुके 21 वरिष्ठ नागरिकों को दृष्टि संस्थान परिसर में आयोजित भव्य समारोह में सम्मानित किया। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे इन अनुभव-संपन्न हस्ताक्षरों का सम्मान उनके परिजनों, नगर के बुद्धिजीवियों और संस्था पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संरक्षक पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने कहा कि बुजुर्ग हमारी जड़ें, हमारी विरासत और भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों के संवाहक हैं। मुख्य अतिथि बैंक प्रबंधक अनुराग शर्मा ने मानवीय चेतना के विकास का उल्लेख करते हुए पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित हो रहे संस्कारों को समाज की शक्ति बताया। सामाजिक चिंतक अभिमन्यु सिंह ने ऐसे आयोजनों को वृद्धाश्रम की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच आशा की किरण बताया। पूर्व प्रधानाचार्या मनोरमा जैन ने नई पीढ़ी की जीवनशैली पर चिंता जताई तो समाजसेवी मनोहर लाल वर्मा ने सामंजस्य का संदेश दिया। श्रृंगार कवि हनुमान प्रसाद निर्मल ने अपनी काव्य प्रस्तुति से वातावरण भावविभोर कर दिया। आरपी मिश्रा ने उम्र को महज संख्या बताते हुए अंतिम सांस तक सक्रिय रहने का आह्वान किया और नानाजी देशमुख व स्वामी रामभद्राचार्य के कार्यों को स्मरण किया। हाकी कोच प्रेम शंकर शुक्ला सहित कई विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया। समारोह का सबसे भावुक क्षण 100 वर्षीय सत्यनारायण केसरवानी के सम्मान का रहा, जिन्हें खड़े होकर नमन किया गया। उनकी संयमित जीवनशैली और आत्मनिर्भरता ने सभी को प्रेरित किया।

मेरा गांव, मेरा विद्यालय से जागा कछार पुरवा, शिक्षा को मिला जनसमर्थन

चित्रकूट। जिले में उत्तर प्रदेश सरकार के मेरा गांव मेरा विद्यालय अभियान के तहत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा में आयोजित जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम ने शिक्षा को जनआंदोलन का रूप दे दिया। विद्यालय परिसर में जुटे स्कूली बच्चों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने यह संदेश दिया कि स्कूल केवल भवन नहीं, बल्कि गांव के भविष्य की आधारशिला है। मुख्य अतिथि डॉ प्रभाकर सिंह ने भावुक अपील करते हुए कहा कि यह विद्यालय गांव की धरोहर है।

पोषण वाटिका, बागवानी, कंप्यूटर लैब और लाइब्रेरी सब हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हैं, इसलिए इन्हें अपना समझकर सहेजना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी संपत्ति को पराया न समझें, जब विद्यालय अपना लगेगा तभी शिक्षा का वास्तविक विकास होगा। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव ने विद्यालय को गांव के विकास की रीढ़ बताते हुए अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति और सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक विद्यासागर सिंह ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत कर सामुदायिक सहभागिता को आदर्श विद्यालय निर्माण की कुंजी बताया। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और शिक्षा पर विचारों ने माहौल को प्रेरणादायी बना दिया। शिक्षकों, विद्यालय प्रबंध समिति और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने अंत में स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केंद्र बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

शंकराचार्य प्रकरण पर कांग्रेस का भाजपा पर तीखा प्रहार, संत सम्मान को लेकर घिरी सरकार

- संतों के सम्मान को लेकर सौंपा ज्ञापन
- कांग्रेस ने प्रशासन से मांगी निष्पक्ष जांच

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से जुड़े प्रकरण को लेकर तीखा विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कर्वी तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि प्रयागराज में शंकराचार्य एवं बटु बालकों के साथ प्रशासनिक दुर्व्यवहार हुआ, चोटी खींचे जाने जैसी घटनाएं सनातन धर्म का अपमान हैं तथा बाद में शंकराचार्य व उनके शिष्यों पर दर्ज की गई एफआईआर दुर्भावनापूर्ण प्रतीत होती है। कांग्रेस ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच, एफआईआर दर्ज कराने वालों की पृष्ठभूमि की पड़ताल तथा संत समाज को न्याय दिलाने की मांग की। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार एक ओर सनातन धर्म का गुणगान करती है, वहीं दूसरी ओर संतों के साथ हो रहे कथित अपमान पर मौन है। उन्होंने आरोप लगाया कि शंकराचार्य द्वारा सरकार की नीतियों का विरोध किए जाने के कारण उन्हें परेशान किया जा रहा है, जिसकी कांग्रेस घोर निंदा करती है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, शिव गुलाम वर्मा, चुनवा प्रसाद प्रजापति, विजय मणि त्रिपाठी, सविता पाल, अतुल तिवारी, कामता प्रसाद विश्वकर्मा, राबेंद्र सिंह पटेल, राजेश सिंह, विनीत मिश्रा, ओम प्रकाश गुप्ता, सलमान सिद्दीकी, हर्षित पांडे सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

Trade Act के तहत लगाया नया ग्लोबल टैरिफ

अमेरिका

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के डोनाल्ड ट्रंप के बड़े ग्लोबल टैरिफ को रद्द करने के कुछ दिनों बाद, प्रेसिडेंट ने फैसले पर यू-टर्न ले लिया, यह दावा करते हुए कि इसने दूसरे कानूनों के तहत ड्यूटी लगाने के उनके अधिकार को कन्फर्म करके उनकी शक्तियों को उलटा और मजबूत कर दिया है। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स के सुप्रीम कोर्ट (पूरी तरह से सम्मान की कमी के आधार पर कुछ समय के लिए छोटे अक्षरों का इस्तेमाल करेंगे!) ने गलती से और अनजाने में मुझे, यूनाइटेड स्टेट्स के प्रेसिडेंट के तौर पर, उनके बेतुके, बेवकूफी भरे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बांटने वाले फैसले से पहले की तुलना में कहीं ज्यादा शक्तियां और ताकत दे दी।

सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी को 6-3 से फैसला सुनाया कि ट्रंप ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत बड़े टैरिफ लगाकर अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया है। क्एएढअ 1977 का कानून है, जो आम ट्रेड पॉलिसी के बजाय नेशनल सिक्योरिटी इमरजेंसी के लिए बनाया गया था। इस झटके के बावजूद, ट्रंप ने कहा कि इस फैसले ने दूसरे टैरिफ टूल्स को और ज्यादा तेजी से इस्तेमाल करने के उनके अधिकार को पक्का कर दिया है। अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा कि कोर्ट ने बाकी ड्यूटीज के इस्तेमाल को ज्यादा ताकतवर और बुरे तरीके से, कानूनी तौर पर पक्का मान लिया है। उन्होंने लिखा कि एक बात तो यह है कि मैं लाइसेंस का इस्तेमाल दूसरे देशों के साथ बिल्कुल 'बहुत खराब' काम करने के लिए कर सकता हूँ। कोर्ट ने दूसरे सभी टैरिफ को भी मंजूरी दे दी है, जिनमें से बहुत सारे हैं। ट्रंप ने ज्यादातर जजों पर अमेरिकी के हितों के खिलाफ काम करने का भी आरोप लगाया, इस फैसले को "बेवकूफी भरा" बताया और कहा कि जज "देशद्रोही और संविधान के प्रति वफादार नहीं थे।

ट्रंप ने नए ग्लोबल टैरिफ बढ़ाकर 15% कर दिए

फैसले के कुछ ही घंटों के अंदर, व्हाइट हाउस ने 1974 के ट्रेड एक्ट के सेक्शन 122 के तहत एक बदला हुआ ग्लोबल टैरिफ प्लान बताया -- यह एक अलग कानून है जो टेम्परारी इंपोर्ट टैक्स की इजाजत देता है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मंगलवार सुबह से लागू होने वाले दुनिया भर में 15 परसेंट के टैरिफ रेट पर साइन किए हैं।

यह कानून इन नए टैरिफ को लगभग पांच महीने तक लागू रहने देता है, जिसके बाद एडमिनिस्ट्रेशन को कांग्रेस से मंजूरी लेनी होगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने कई देशों से इंपोर्ट पर ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के बड़े हिस्से को अमान्य कर दिया। चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने मेजॉरिटी ओपिनियन लिखा, जिसमें तीन लिबरल जस्टिस और कंजर्वेटिव, नील गोरसच और एमी कोनी बैरेट शामिल थे।

सुप्रीम कोर्ट के ड्यूटी को गैर-कानूनी बताने के बाद अमेरिकी इम्पोर्ट टैरिफ का एक हिस्सा भी लेना बंद कर देगा। अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन ने एक बयान में कहा कि 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (क्एएढअ) के तहत टैरिफ कलेक्शन मंगलवार को लोकल टाइम के हिसाब से रात 12.01 बजे बंद हो जाएगा।

ईरान में फैला रहस्यमयी एसएमएस का खौफ, इंतजार करो और देखो'

ईरान

ईरान में हजारों लोगों को सोमवार को उनके फोन पर एक अलर्ट एसएमएस प्राप्त हुआ जिसमें लिखा था कि अमेरिकी प्रेसिडेंट एक्शन लेने वाले आदमी हैं। इंतजार करो और देखो। ईरान इंटरनेशनल न्यूज एजेंसी ने सरकारी मीडिया के हवाले से बताया कि यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान में सरकार पर बयानबाजी तेज कर दी है, और साथ ही मिडिल ईस्ट में एक संभावित मिलिट्री हमले के लिए आर्मडा भी जमा कर रहे हैं। प्रेसिडेंट ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान पर लिमिटेड मिलिट्री स्ट्राइक करने पर विचार कर रहे हैं, जबकि दोनों देशों के बीच गुरुवार को जिनेवा में अगले राउंड की बातचीत होनी है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को सीबीएस को बताया कि उन्हें अपने देश के न्यूक्लियर प्रोग्राम पर चल रहे विवाद के डिप्लोमैटिक समाधान का अच्छा मौका दिख रहा है, साथ ही उन्होंने दोहराया कि तेहरान पर अमेरिकी मिलिट्री की तैयारी का दबाव नहीं पड़ेगा।

ईरान और अमेरिका के बीच संभावित न्यूक्लियर डील पर अगले दौर की बातचीत गुरुवार, 26 फरवरी को जिनेवा में होगी। खबर है कि इस तारीख को ओमान के विदेश मंत्री ने कन्फर्म किया है, जो वर और ईरान के बीच बातचीत में बीच-बचाव कर रहा देश है। यह डेवलपमेंट मिडिल ईस्ट में अमेरिका मिलिट्री की मौजूदगी की वजह से दोनों देशों के बीच बढ़ते डिप्लोमैटिक तनाव के बीच हुआ है।

अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में ईरान को न्यूक्लियर डील के लिए सहमत होने के लिए 10-15 दिन का अल्टीमेटम दिया था और चेतावनी दी थी ।

मोहम्मद शाहबुद्दीन ने खोला मुहम्मद यूनुस का सारा कच्चा चिट्ठा

बांग्लादेश

बांग्लादेश की राजनीति में एक बार फिर उबाल आ गया है क्योंकि देश के राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने पूर्व मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस पर गंभीर संवैधानिक चूक और सत्ता को अस्थिर करने के प्रयास का आरोप लगाया है। बांग्ला दैनिक कालेर कांथो को दिए गए साक्षात्कार में राष्ट्रपति ने जो कुछ कहा, उसने ढाका से लेकर पूरी दुनिया तक में हलचल मचा दी है। राष्ट्रपति का आरोप सीधा और तीखा है कि अंतरिम शासन काल के दौरान मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने संविधान की अनिवार्य व्यवस्थाओं की खुलेआम अवहेलना की। उन्होंने कहा कि जब भी मुख्य सलाहकार विदेश यात्रा से लौटते हैं तो उन्हें राष्ट्रपति से मिलकर यात्रा के परिणामों की लिखित जानकारी देनी होती है। लेकिन चौदह से पंद्रह विदेश यात्राओं के बावजूद एक बार भी ऐसी औपचारिकता नहीं निभाई गई। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें पूरी तरह अंधेरे में रखा गया।

राष्ट्रपति ने कहा कि न केवल उन्हें विदेश यात्राओं की जानकारी नहीं दी गई, बल्कि उनसे शिष्टाचार भेंट तक नहीं की गई। यह केवल प्रोटोकॉल का मामला नहीं था, बल्कि संविधान की मयार्दा का प्रश्न था। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उनके कोसोवो और कतर के प्रस्तावित दौरे भी रोक दिए गए। राष्ट्रपति ने और भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के जनउभार के बाद उन्हें पद से हटाने की साजिश रची गई। यहां तक कि एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश को असंवैधानिक तरीके से

उनके स्थान पर बैठाने की कोशिश हुई। हालांकि संबंधित न्यायाधीश ने संवैधानिक बाधाओं का हवाला देते हुए इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। 22 अक्तूबर 2024 की रात को उन्होंने भयावह बताया, जब बंगभवन के बाहर भीड़ ने प्रदर्शन किया और कथित रूप से राष्ट्रपति भवन को लूटने का प्रयास किया। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए सेना की तैनाती करनी पड़ी। राष्ट्रपति का कहना है कि सशस्त्र बलों और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेताओं ने संवैधानिक निरंतरता का समर्थन किया। इसके अलावा, तीनों सेनाध्यक्षों ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर हैं और उनकी हार पूरे सैन्य ढांचे की हार होगी। यह बयान दशार्ता है कि संकट की घड़ी में सेना ने राष्ट्रपति पद की गरिमा को बचाने का प्रयास लिया। राष्ट्रपति ने यह भी आरोप लगाया कि उनके कार्यालय को सुनियोजित तरीके से अलग थलग किया गया।

पाकिस्तान की खतरनाक साजिश का पदार्फाश, पकड़े गए 8 जासूस!

पाकिस्तान

मुनीर का जासूस नंबर एक नाम अजीजुल हक है। मुनीर का जासूस नंबर दो नाम मोहम्मद जहलुदुल इस्लाम।मुनीर का जासूस नंबर तीन नाम एमडी उजाद। मुनीर का जासूस नंबर चार नाम मिजानूर रहमान है। मुनीर का जासूस नंबर पांच नाम एमडी लिटन है। मुनीर का जासूस नंबर छह नाम एमडी उमर फारूक। यह सभी आसिम मुनीर के जासूस रहते हिंदुस्तान में थे। खाते हिंदुस्तान का थे। लेकिन ये सभी हिंदुस्तान के दुश्मन नंबर एक मुनीर के लिए काम करते थे। पाकिस्तान के लिए जासूसी करते थे। हिंदुस्तान को दहलाने की साजिश रच रहे थे। हिंदुस्तान में रहकर पाकिस्तान के लिए काम करने वाले मुनीर के आठ जासूसों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। इनमें से छह को पुलिस ने तमिलनाडु से पकड़ा है। जबकि दो की गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल से हुई है। पकड़े गए सभी संदिग्ध बांग्लादेशी हैं। यह सभी अपनी पहचान छिपाकर फर्जी आधार कार्ड के जरिए तमिलनाडु के एक गारमेंट कंपनी में काम कर रहे थे। लेकिन इनका असली काम सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट से पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करना था। सोशल मीडिया पर आसिम मुनीर की वाहवाही करते थे। आतंकी संगठनों के समर्थन में पोस्ट करते थे। यह हिंदुस्तान के खिलाफ जहर उगलते थे। एंटी इंडिया पोस्टर चिपकाते थे और जो इनके पोस्टर पर कमेंट करता उन्हें यह अपनी आतंकी दस्ते में शामिल करने की कोशिश करते थे।

अमेरिका की मिलिट्री की तैयारी के बीच भारत ने ईरान पर बड़ा अलर्ट जारी कर दिया

ईरान

ईरान और अमेरिका के बीच संभावित न्यूक्लियर डील पर अगले दौर की बातचीत गुरुवार, 26 फरवरी को जिनेवा में होगी। खबर है कि इस तारीख को ओमान के विदेश मंत्री ने कन्फर्म किया है, जो वर और ईरान के बीच बातचीत में बीच-बचाव कर रहा देश है। यह डेवलपमेंट मिडिल ईस्ट में अमेरिका मिलिट्री की मौजूदगी की वजह से दोनों देशों के बीच बढ़ते डिप्लोमैटिक तनाव के बीच हुआ है। अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में ईरान को न्यूक्लियर डील के लिए सहमत होने के लिए 10-15 दिन का अल्टीमेटम दिया था और चेतावनी दी थी कि ऐसा न करना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण साबित होगा।

इसके अलावा, ईरान की कुछ यूनिवर्सिटीज, खासकर तेहरान और मशहद में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व वाली ईरानी सरकार के खिलाफ नए प्रदर्शन सामने आए हैं, जहां रविवार को दूसरे दिन भी ऐसे विरोध प्रदर्शन हुए।

इस हफ़्ते जिनेवा में बातचीतः क्षेत्रीय मध्यस्थ ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल बुसैदी ने कथित तौर पर कहा है कि ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम पर तेहरान और वाशिंगटन के बातचीत करने वालों के बीच गुरुवार को जिनेवा में बातचीत फिर से शुरू होने वाली है।

अफगानिस्तान में पाकिस्तान ने की भीषण बमबारी, बुरी तरह भड़का भारत!

अफगानिस्तान

अफगानिस्तान के अंदर पाकिस्तान की हालिया स्ट्राइक ने दोनों देशों के बीच तनाव को फिर से चरम पर पहुंचा दिया है। दोनों देश अब आमने-सामने हैं और इसी बवाल के बीच भारत भी तालिबान के समर्थन में कूद पड़ा है। भारत ने ना केवल इन हमलों की निंदा की बल्कि पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। भारत ने इसे पाकिस्तान की घरेलू विफलताओं से ध्यान भटकाने की एक हताश कोशिश करार दिया है। दरअसल भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बयान जारी करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने में पाकिस्तान द्वारा किए गए इन हमलों में महिलाओं और बच्चे समेत आम नागरिकों की मौत होना बेहद निंदनीय है। भारत ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान अपने आंतरिक समस्याओं और सुरक्षा मोर्चे पर अपनी नाकामी को छिपाने के लिए पड़ोसी देश की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है। भारत ने एक बार फिर दोहराया कि वो अफगानिस्तान की सोवनिटी

यानी संप्रभुता और टेरिटोरियल इंटीग्रिटी यानी क्षेत्रीय अखंडता के साथ मजबूती से खड़ा है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान इस हमले के बाद अब सफाई देने में जुटा हुआ है। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने इस कार्रवाही का बचाव किया है। इस्लामाबाद का दावा है कि उसने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर अफगानिस्तान के भीतर तहरीक तालिबान यानी टीटीपी और इस्लामिक स्टेट आईएसपी के सात ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं।

सेना में बड़ा फेरबदल, भारत से रक्षा सलाहकार को वापस बुलाया

बांग्लादेश

बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 17 फरवरी को अपनी सरकार के ऑफिस संभालने के कुछ ही दिनों बाद देश की मिलिट्री लीडरशिप में बड़े बदलावों को मंजूरी दे दी है। इस फेरबदल से बांग्लादेश आर्मी के कई सीनियर पदों पर असर पड़ेगा, जिसमें खास ऑपरेशनल कमांड और देश की टॉप मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंसी शामिल हैं। ढाका ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नए एडमिनिस्ट्रेशन के चार्ज संभालने के तुरंत बाद आर्मी हेडक्वार्टर ने ये बदलाव जारी किए। इस कदम को आम तौर पर नई लीडरशिप की तरफ से आर्म्ड फोर्सेज पर अपना कंट्रोल मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मुहम्मद यूनुस की लीडरशिप वाली पिछली सरकार के तहत नियुक्त सीनियर अधिकारियों को बदला है, जिसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटा दिया गया था।

सबसे अहम अपॉइंटमेंट्स में लेफ्टिनेंट जनरल एम मैनुर रहमान का अपॉइंटमेंट है, जिन्हें नया चीफ ऑफ जनरल स्टाफ बनाया गया है। इससे पहले वह आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड में जनरल ऑफिसर कमांडिंग के तौर पर काम कर चुके हैं। वह लेफ्टिनेंट जनरल मिजानुर रहमान शमीम की जगह लेंगे, जो हाल ही में रिटायरमेंट लीव पर गए थे। मेजर जनरल कैसर राशिद चौधरी को डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फोर्सेज इंटेलिजेंस का डायरेक्टर जनरल अपॉइंट किया गया है, जो बांग्लादेश की सबसे बड़ी मिलिट्री इंटेलिजेंस बॉडी है। वह अभी आर्मी हेडक्वार्टर में ब्रिगेडियर जनरल के तौर पर काम कर रहे हैं और मेजर

जनरल के पद पर प्रमोशन मिलने पर ऑफिशियली यह रोल संभालेंगे। वह मेजर जनरल मोहम्मद जहाँगीर आलम की जगह लेंगे, जिन्हें विदेश मंत्रालय में एम्बेसडर के तौर पर पोस्ट किया गया है।

प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर (ढरड) के पद में भी बदलाव किए गए हैं। लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन को उनकी ड्यूटी से हटाकर विदेश मंत्रालय में अटैच कर दिया गया है, ताकि उन्हें विदेश में डिप्लोमैटिक पोस्टिंग दी जा सके। यह रोल नए प्रमोट हुए लेफ्टिनेंट जनरल मीर मुशफिकुर रहमान ने संभाला है।

भारत में सलाहकार वापस बुलाए गए

सरकार ने ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद हफीजुर रहमान को भी भारत में बांग्लादेश हाई कमीशन में डिफेंस सलाहकार के पद से वापस बुला लिया है। उन्हें मेजर जनरल के पद पर प्रमोट किया गया है और 55वीं इन्फैंट्री डिवीजन का जनरल ऑफिसर कमांडिंग नियुक्त किया गया है। इस बीच, मेजर जनरल जेएम इमदादुल इस्लाम, जो पहले 55वीं इन्फैंट्री डिवीजन की कमान संभाल रहे थे, को ईस्ट बंगाल रेजिमेंटल सेंटर का कमांडेंट फिर से नियुक्त किया गया है।

ईरान-अमेरिका क्यों और कैसे बने एक-दूसरे के दुश्मन ?

ईरान

मीडिल ईस्ट में इतने सारे देश हैं, लेकिन ईरान का नाम आप आए दिन सुनते होंगे। ईरान का हिजबुल्ला, हमास, हूती को समर्थन, उसके लिए मिसाइल हमला। इजरायल को धमकाना। लेकिन ऐसा क्या फायदा है ईरान का जो पूरी दुनिया के खिलाफ जाकर इन ग्रप्स के साथ खड़ा है और इजरायल और अमेरिका को आखें दिखा रहा है। वहीं अमेरिका और ईरान जो कभी एक दूसरे के अच्छे दोस्त और ट्रेडिंग पार्टनर थे, आज फूंटी आंख नहीं भाते हैं। अमेरिका ने आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसकी अर्थव्यवस्था को जमीन पर ला दिया। फिर भी ईरान सबकुछ दांव पर लगाकर अमेरिका के खिलाफ खड़ा है। 1979 में ईरानी रेवोल्यूशन के दौर में नवंबर 4, 1979 को तेहरान की अमेरिकी एम्बेसी पर हमला हुआ। इसमें 63 लोगों को कब्जे में लिया गया। उसके बाद तीन और लोगों को बंदी बनाकर लाया गया।कुल 66 लोगों को बंदी बनाया गया। छात्रों ने बंधकों के बदले अमेरिका से शाह को लौटाने की मांग की जो उस वक्त ईरान से भागकर अमेरिका की पनाह में थे। अमेरिका ने जवाब में देश के बैंकों में मौजूद ईरान की संपत्ति जब्त कर ली। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बाकायदा आर्मी ऑपरेशन ऍ'ा उ'६ की मदद से बंधकों को छुड़वाने की कोशिश भी की थी, लेकिन ये सफल न हो पाया। इस ऑपरेशन में 8 अमेरिकी सर्विसमैन और 1 ईरानी नागरिक की मौत भी हो गई थी। सितंबर में इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने ईरान पर हमला बोल दिया। ईरान को साथ की जरूरत थी। लेकिन लगभग सभी

देशों की शर्त थी कि अमेरिकी नागरिकों को कैद में रख कर ईरान मदद की अपेक्षा नहीं कर सकता। जिसके बाद अल्जीरिया के राजनयिकों की मध्यस्थता से कुछ दिन बाद उनमें से कई लोगों को छोड़ा गया, लेकिन बचे 52 लोगों को तेहरान की अमेरिकी एम्बेसी में ही 444 दिनों तक रहना पड़ा यानी पूरे डेढ़ साल तक। इन 52 बंधकों को 20 जनवरी, 1981 में छुड़वाया गया था। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने इसे ब्लैकमेल और आतंकवाद की घटना बताई थी। ये घटना इतनी ताकतवर थी कि अमेरिका में भी जिमी कार्टर को अपनी सत्ता गंवानी पड़ गई थी। इसे ईरान में अमेरिकी के दखल का विरोध बताया जा रहा था। इस घटना के बाद से अमेरिका और ईरान के रिश्ते कभी सामान्य नहीं हो पाए।

2015 में जब ओबामा प्रेसिडेंट थे तो अमेरिका ने ईरान के साथ एक न्यूक्लियर डील साइन की थी। वर्ष 2015 में ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित कई विश्व शक्तियों फ्रांस, ब्रिटेन,रूस, चीन और जर्मनी के बीच हुआ यह एक ऐतिहासिक समझौता था. सामूहिक रूप से इस समझौते को ढ5+1 के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन 8 मई 2018 को डोनाल्ड़ ट्रंप ने इस न्यूक्लियर डील से अपने कदम वापस खींच लिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब न्यूक्लियर डील में भागीदार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ईरान के मिसाइल कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव को नियंत्रित करने में विफल रहा। ट्रंप ने कहा था कि मीडिल ईस्ट में फैली अशांति के पीछे ईरान जिम्मेदार है। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता ही रहा। ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रमों पर लगे प्रतिबंधों को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। सऊदी अरब के तेल टैंकर पर ड्रोन अटैक हुआ तो अमेरिका ने आरोप लगाया कि ये ईरान ने करवाया है। 2019 में अमेरिका के एक ड्रोन को ईरान ने मार गिराया। ईरान ने कहा कि वो उनके हवाई क्षेत्र में घूम रहा था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा